# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 30 जनवरी 2024





## आधुनिक श्रवण कुमार...



अयोध्या में एक भक्त, अमरजीत वर्मा (दाएं) अपने दोस्त श्याम सुंदर कुमार के साथ, अपने माता–पिता को कांवड़ पर बैठाकर, सोमवार को दर्शन के लिए राम मंदिर ले जाते हुए। उनको देखकर प्राचीन भारतीय चरित्र श्रवण कुमार की याद आ गई, जिन्होंने अपने माता–पिता को ऐसी ही यात्रा कराई थी।


# 55 की चाय, 65 का टोस्ट... अयोध्या में 'लूट'

## शबरी रसोई की रेटलिस्ट हो गई वायरल, प्रशासन ने थमा दिया नोटिस

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में प्रभु विराज गए हैं। इसके साथ ही राम के नाम पर लूट भी चालू हो गई है। यहां बनकर तैयार हुए मल्टिलेवल पार्किंग में एक रेस्टोरेंट में खाने की चीजों के दाम सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। यहां चाय 55 रुपये की और टोस्ट 65 रुपये कीमत पर बिक रही है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य गेट यानी जन्मभूमि पथ से महज 300 मीटर की दूरी पर अरुंधति मल्टी लेयर पार्किंग है और इसी की चौथी मंजिल पर है- 'शबरी रसोई।' यह रेस्टोरेंट आजकल सुर्खियों में है और इसके पीछे की वजह यहां के बिल की वायरल फोटो है। बिल में एक चाय की कीमत 55 रुपए तो टोस्ट की कीमत 65 रुपए दर्शाई गई है।



### शबरी रसोई के प्रबंधन तंत्र की दलील

शबरी रसोई के व्यवस्थापक चंदन कुमार पांडेय का कहना था, आजकल 10 रुपए की चाय कहीं नहीं रह गई। रेहड़ी ठेले वाले भी कुल्हड़ में चाय 20 रुपए की देते हैं। जबकि शबरी रसोई में गर्म पानी, फ्री वाईफाई और साफ सफाई के साथ बैठने की व्यवस्था है। अयोध्या के दूसरे बड़े होटलों में भी इसी तरह की दरें देखने को मिलेंगी।

### अयोध्या विकास प्राधिकरण ने भेजा नोटिस

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने अरुंधति भवन में चल रहे रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस कर जवाब मांगा है। एडीए उपाध्यक्ष की तरफ से जारी लेटर में कहा गया है कि वायरल मैसेज में रेट सामान्य रेट से बहुत ज्यादा हैं। इससे एडीए की छवि धूमिल हुई है। इसमें औचित्यपूर्ण रेट जारी करते हुए 24 घंटे के अंदर कार्यालय को जानकारी देने की बात कही है।

## खबर संक्षेप

### आरक्षण खत्म करने की साजिश रच रही भाजपा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण खत्म करने की साजिश रच रही है। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि भारतीय जनता पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा अब खुलकर सामने आता जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जिस तरह से विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त करने के लिए ड्राफ्ट तैयार किया है, वह अत्यंत खतरनाक प्रवृत्ति है।

### कोटा में कोचिंग छात्रा ने फिर किया सुसाइड

**नई दिल्ली।** राजस्थान के कोटा में कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का सिलसिला थमन का नाम नहीं ले रहा है। साल के शुरुआती जनवरी महीने में ही स्टूडेंट की आत्महत्या का दूसरा मामला आज सामने आया है। कोटा के बोरखेड़ा क्षेत्र में रहने वाली छात्र निहारिका सिंह ने घर पर ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को निहारिका के शव के साथ एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें निहारिका ने लिखा है, "मम्मी, पापा, मैं जेईई नहीं कर सकती।

### हीटर से दम घुटा महिला-बच्चे की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के मैदान गढ़ी में शनिवार देर रात दुखद घटना देखने को मिली। 2 साल के एक बच्चे और उसकी मां की अपने किराए के घर में ठंड से बचाने के लिए जलाए गए हीटर से दम घुटने के कारण जान चली गई। फार्महाउस में काम करने वाले 30 वर्षीय माली दिनेश ने पत्नी अंजलि (23), बेटे देवांश (6) और शंभू (2) और बेटी देवासी (4) घर में मौजूद थे।

## मस्जिद का एएसआई सर्वे सामने आने के बाद बढ़ी गहमा-गहमी

# ज्ञानवापी की परिक्रमा पर अड़े शंकराचार्य, पुलिस ने मठ घेरा

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद का एएसआई सर्वे सामने आने के बाद से गहमागहमी बढ़ गई है। हिन्दूवादी संगठन इसे लेकर आक्रामक हो गए हैं। उनका कहना है कि अब मुस्लिम पक्ष को ज्ञानवापी से अपना दावा वापस ले लेना चाहिए। इस बीच ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद भी आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने ज्ञानवापी के कथित शिवलिंग की भोग आरती आदि की इजाजत पहले ही अदालत से मांगी हुई है अब वह ज्ञानवापी की परिक्रमा पर अड़ गए हैं। उन्होंने परिक्रमा के लिए सोमवार की दोपहर तीन बजे का मुहूर्त भी बताया था। उन्हें ऐसा नहीं करने के लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारी मनाने में जुटे हैं। उनके मठ के आसपास भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। जिन रास्तों से उन्हें जाना है, वहां भी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

## ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मनाने में जुटे अफसर

**श्रीविद्यामठ से निकले शंकराचार्य**

अपनी घोषणा के अनुसार अविमुक्तेश्वरानंद जैसे ही श्रीविद्यामठ से निकलने लगे पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक दिया। इस पर अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिस से सवाल पूछा कि जब वहां नमाज पढ़ने पर रोक नहीं है तो मुझे आखिर क्यों रोका जा रहा है। पुलिस ने किसी नई परंपरा न शुरू करने का हवाला दिया। शंकराचार्य का कहना है कि यह कोई नई परंपरा नहीं है। परिक्रमा करने की हमारी परंपरा बहुत पुरानी है। पुलिस ने धारा 144 का भी हवाला दिया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हमारे परिक्रमा से कोई अव्यवस्था नहीं होगी। हम प्रशासन का पूरा सहयोग करके अपने देवता का बाहर से ही परिक्रमा करेंगे।



### पुलिस ने किया अनुरोध

एसीपी अवधेश पाण्डेय के अनुसार स्वामी जी से बातचीत की गई। उनसे अनुरोध किया गया है कि अभी न्यायालय का आदेश नहीं है। संवेदनशीलता बनी हुई है और धारा 144 भी लागू है। ऐसे में विश्वनाथ जी का दर्शन पूजन ही करें। परिक्रमा का फैसला टाल दें।

### सुबह से ही घाट और गली में पहुंची पुलिस

शंकराचार्य के ऐलान के बाद से सोमवार की सुबह से ही गली और घाट की तरफ से पुलिस ने मठ को चौतरफा घेर लिया था। पूर्व निर्धारित समय पर जब अविमुक्तश्वरानंद सरस्वती ज्ञानवापी कूच करने के लिए निकले तो उन्हें मठ के पूर्वी द्वार पर ही पुलिस के अधिकारियों ने रोक लिया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अधिकारियों से जानना चाहता कि उन्हें क्यों रोका जा रहा है तो मौके पुर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऊपर से आदेश है इसलिए आप को रोका जा रहा है।

**एएसआई की रिपोर्ट से स्पष्ट**

शंकराचार्य ने कहा कि एएसआई के रिपोर्ट में यह स्पष्ट हो गया है कि ज्ञानवापी स्थित प्रांगण में मूल विश्वनाथ विराजे हैं। हम सनातनधर्मियों के सर्वोच्च प्रतिनिधि होने के नाते मूल विश्वनाथ का परिक्रमा कर उनको प्रणाम करना चाहते हैं। अगर प्रशासन कह रहा है कि धारा 144 लागू है तो हम केवल दो लोगों के साथ जाकर परिक्रमा कर लेंगे जिससे न्यायालय के आदेश एवं कानून व्यवस्था काउलंघन न हो लेकिन प्रशासन हमसे हमारा यह अधिकार भी छीनना चाह रहा है।


### कृष्ण जन्मभूमि मामला

#### ईदगाह कॉम्प्लेक्स के सर्वे पर जारी रहेगी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा और इसके बगल में बनी ईदगाह को लेकर जारी भूमि विवाद पर अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा, फिलहाल ईदगाह कॉम्प्लेक्स के सर्वे पर लगी रोक यानी स्टे ऑर्डर प्रभावी रहेगा। अदालत में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कमेटी ऑफ मैनेजमेंट ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह की तरफ से दायर याचिका पर आगे की सुनवाई अप्रैल के पहले हफ्ते में होगी।

## सोमालियाई लुटेरों ने अरब सागर में बनाया था बंधक

# भारत ने युद्धपोत भेजकर छुड़ाया हाईजैक ईरानी जहाज



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरब सागर में एक बार फिर समुद्री लुटेरों ने एक जहाज को निशाना बनाया। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, कोच्चि से पश्चिम में करीब 700 नॉटिकल मील की दूरी पर ईरान के एक मछली पकड़ने वाले जहाज को सोमालियाई लुटेरों ने हाईजैक कर लिया। हालांकि, इस घटना के बाद भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत को जहाज के रेस्क्यू में लगाया और इसे लुटेरों के कब्जे से छुड़ा लिया। ईरान के इस जहाज का नाम एमवी इमान है और इसमें 17 क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने इसमें सवार लोगों को बचाने का अभियान शुरू किया। देखते ही देखते युद्धपोत में मौजूद ध्रुव चॉपर्स ने ईरानी जहाज को घेर लिया और इसे चेतावनी जारी कीं। इसके बाद सोमालियाई लुटेरों को हथियार फेंकने और सोमालिया की तरफ जाने को कहा गया। इसके बाद नौसेना ने जहाज में सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा कि भारत का युद्धपोत सोमालिया के पूर्वी तट और अदन खाड़ी में एंटी-पाइरेसी मिशन में शामिल था। इसे ईरानी जहाज की तरफ से हाईजैकिंग का सिग्नल मिला। इसमें कहा गया कि जहाज पर लुटेरों ने कब्जा कर लिया है और क्रू को बंधक बना लिया गया है। उन्होंने कहा कि आईएनएस सुमित्रा ने तय एसओपी के तहत लुटेरों को रोका और क्रू को सही-सलामत बचा लिया। इसके बाद जहाज को मुक्त कराया गया।



# मोइज्जू को हटाने महाभियोग प्रस्ताव!



**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत विरोधी अपनी नीतियों और बयानों की वजह से विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। मालदीव की मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने पर सहमत हो गया है। मुख्य विपक्षी एमडीपी के पास संसद में बहुमत है। रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्ष ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग प्रस्ताव पेश करने के लिए जरूरी हस्ताक्षर जुटा लिए हैं। एमडीपी के एक सदस्य ने सोमवार दोपहर 'द सन' को इसकी जानकारी दी. मालदीव में 2 प्रमुख विपक्षी पार्टियों ने राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत विरोधी नीति का विरोध किया है।

### 34 सदस्यों ने किया साइन

'द सन' ने मालदीव के ऑनलाइन न्यूज पोर्टल 'अधाहधू' के हवाले से कहा कि एमडीपी और डेमोक्रेट दोनों के प्रतिनिधियों समेत कुल 34 सदस्यों ने राष्ट्रपति मुइज्जू के महाभियोग के प्रस्ताव को अपना समर्थन दिया है।

# राहुल ने उठाया ओबीसी और जाति जनगणना का मुद्दा

एजेंसी ▶▶| किशनगंज

- बिहार पहुंची 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'



राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को बंगाल से बिहार में प्रवेश कर गई। किशनगंज में बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चैधरी ने बिहार पीसीसी चीफ को बैटन पास किया। बिहार में यात्रा के पहले पड़ाव पर अपने संबोधन में राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि मणिपुर 9 महीने से हिंसा की आग में जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिल रहा। राहुल ने एक बार फिर ओबीसी का मुद्दा उठाया और कांग्रेस की सरकार बनने पर जाति जनगणना कराने की बात कही। पूरा देश जानता है कि भारत में सबसे बड़ी आबादी ओबीसी की है। उसके बाद दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय का नंबर आता है। मैं ओबीसी समुदाय को बताना चाहता हूं कि केंद्र सरकार को 90 आईएएस अधिकारी चला रहे हैं। वे केंद्रीय बजट को नियंत्रित करते हैं। मैं बिहार में ओबीसी समुदाय को बताना चाहता हूं कि 90 अधिकारियों में से केवल 3 ओबीसी हैं और इस प्रकार ओबीसी के लिए बहुत कम पैसा आवंटित किया गया है।

## नशेड़ी की करतूत

# 50 बार सिर पर हथौड़े से वार अमेरिका में भारतीय छात्र की हत्या

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

हाल ही में अमेरिका में एमबीए की डिग्री हासिल करने वाले 25 वर्षीय भारतीय छात्र को जॉर्जिया राज्य के लिथोनिया शहर में एक बेघर नशेड़ी ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें आरोपी को क्रूरता करते हुए देखा जा रहा है।

कैमरे में साफ दिखाई दे रहा है कि हमलावर जूलियन फॉकनर ने विवेक सैनी के सिर पर हथौड़े से करीब 50 बार बेरहमी से वार किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विवेक सैनी पिछले कुछ दिनों से हमलावर की मदद कर रहा था, उसे जरूरत का सारा सामान दे रहा था। यहां तक कि विवेक सैनी ने आरोपी पर दया दिखाते हुए उसे चिप्स, कोक, पानी और यहां तक कि गर्मी के लिए एक जैकेट भी दी थी। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, फिलहाल, हरियाणा में सैनी का परिवार अपने होनहार बेटे के निधन से शोक में डूबा हुआ है। उसके परिजनों ने बताया कि उसे एक अच्छी नौकरी मिलने वाली थी। उनके माता-पिता, गुरजीत सिंह और ललिता सैनी सदमे में हैं। और फिलहाल इस दुखद घटना पर चर्चा करने में असमर्थ हैं।

### शव पर खड़ा था आरोपी

विवेक सैनी पर 16 जनवरी को घर जाते समय हमला किया गया, जब उन्होंने सुरक्षा की चिंता करते हुए फॉकनर से प्रस्थान करने या पुलिस हस्तक्षेप का सामना करने का अनुरोध किया था। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने फॉकनर को सैनी के निर्जीव शरीर के ऊपर खड़ा पाया। युवा छात्र, जो दो साल पहले बीटेक पूरा करने के बाद अमेरिका चला गया था, उसने हाल ही में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की थी।

क्या आपको मोतियाबिंद है?
मोतियाबिन्द का कराएं सफल ऑपरेशन






NABH Accredited

WORLD CLASS CATARACT TREATMENT
MICS - Micro Incision Cataract Surgery

- मोतियाबिंद ऑपरेशन द्वारा दूर एवं पास के चश्मे से छुटकारा
- विश्वस्तरीय प्रीमियम IOL प्रत्यारोपण
  ( Alcon Panoptix, Vivity, Clareon, IQ, Toric Lens )
- एडवांस मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको पद्धति द्वारा
- अनुभवी सर्जन (80 हजार सफल सर्जरी का अनुभव )
- बिना इंजेक्शन, बिना टांके, बिना पट्टी बांधे, शीघ्र रिकवरी
- 10 मिनट में ऑपरेशन और 2 घंटे में छुट्टी

ESIC - कार्ड से मोतियाबिंद का कैशलेस ऑपरेशन | छ.ग. शासन के कर्मचारियों के उपचार हेतु मान्यता प्राप्त | छ. रा. वि. मंडल से कैशलेस ईलाज हेतु मान्यता प्राप्त | द. पू. म. रेलवे के कर्मचारियों का कैशलेस ईलाज हेतु मान्यता प्राप्त | इंश्योरेंस, टी पी ए कम्पनी से मान्यता प्राप्त

Vinayak Netralaya
विनायक नेत्रालय
अग्रसेन चौक के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.) 9685333999

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### मंदिर और प्रतिमा की डिमांड

भिलाई के फॉर यू नामक संस्था के संचालक टैटू आर्टिस्ट गौतम साहू ने बताया कि लोग नए-नए तरीके से टैटू बनवाने की डिमांड लेकर उनके पास आते हैं। रोजाना दर्जनभर से ज्यादा नई डिजाइन को लेकर उनसे पूछताछ कर रहे हैं। इनमें अयोध्या में बनाए गए राम मंदिर से लेकर विराजमान हुए रामलला की प्रतिमा की डिजाइन की मांग अधिक है। डिमांड को देखते हुए वे इसकी डिजाइन बनाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बड़ी संख्या में धनुष लिए राम का टैटू लोगों के शरीर पर उकेरा है।



कलाई से लेकर सीने तक गुदवा रहे जय श्री राम और हनुमान की डिजाइन

# मन में राम... तन में राम!

विकास शर्मा ⏭ रायपुर

हरिभूमि खास

पांच सौ साल के इंतजार के बाद अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पूरा देश राममय हो चुका है, प्रदेश का युवा वर्ग भी इससे अछूता नहीं है। भगवान राम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने शरीर पर टैटू बनवाने का ट्रेंड भी जोर पकड़ चुका है। टैटू आर्टिस्टों के पास कलाई से लेकर सीने तक जय श्री राम लिखवाने और हनुमान ⏭ शेष पेज 6 पर



### निःशुल्क बनाया जय श्रीराम का टैटू

क्रिस्टल आर्केड शंकर नगर में क्रेजी टैटू नामक संस्था का संचालन करने वाले तरुण गोहिल ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन उन्होंने निशुल्क लोगों के हाथों में जय श्रीराम का टैटू बनाया था। इस दौरान दिनभर दुकान में लोगों की लाइन लगी हुई थी। करीब सौ लोगों की कलाई में जय श्रीराम लिखा गया था। उसने बताया कि अभी भी बड़ी संख्या में भगवान से संबंधित टैटू बनाने की डिमांड लेकर लोग उनके पास पहुंच रहे हैं।



मार्कफेड अधिकारी मनोज सोनी, रानू साहू, कैलाश रुंगटा, पारसमल समेत कई बनाए गए आरोपी

# ईओडब्लू में अब चावल और डीएमएफ घोटाले में कई अफसर-मिलर्स पर केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

ईडी के प्रतिवेदन पर कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोप में मार्कफेड के तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी, कोरबा में तत्कालीन डिस्ट्रिक्ट मार्केटिंग ऑफिसर प्रीतिका पूजा केरकेट्टा के अलावा छत्तीसगढ़ राइस मिलर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर, छत्तीसगढ़ स्टेट राईस मिलर्स एसोसिएशन के तत्कालीन प्रेसीडेंट कैलाश रूंगटा, तथा वाइस प्रेसीडेंट पारसमल चोपड़ा के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच में यह बात सामने आई थी कि राइस मिलर्स द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम तथा एफसीआई में जो चावल जमा किया जाता था, उसमें बड़े पैमानों पर पैसों का लेन-देन किया गया।

### क्विंटल के हिसाब से कमीशन

कस्टम मिलिंग में लेन देन करने का मास्टर माइंड मार्कफेड के प्रबंधक मनोज सोनी रहे हैं। मनोज सोनी के कहने पर डिस्ट्रिक्ट मार्केटिंग ऑफिसर राइस मिलरों से क्विंटल के हिसाब से कमीशन कलेक्शन करते थे। कलेक्शन की राशि कस्टम मिलिंग दर से 40 प्रतिशत कमीशन के तौर लिया करते थे। इससे शासन को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच में यह बात भी सामने आई है कि मार्कफेड के अफसर रोशन चंद्राकर के निर्देश पर करते थे।

*माइनिंग ट्रांसपोर्ट तथा उत्खनन के अलावा शराब घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रतिवेदन रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्लू ने कस्टम मिलिंग तथा डीएमएफ फंड घोटाले को लेकर अफसर तथा कारोबारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अफसरों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा साजिश रचने के आरोप में दो अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किया है।*

### आईटी छापे में मिले थे एक करोड़ से ज्यादा कैश

कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच के पूर्व आयकर विभाग ने मनोज सोनी के निवास पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में मनोज सोनी के निवास से एक करोड़ 6 लाख रुपए कैश के साथ लेन-देन के आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल डिवाइस मिले थे। आडी की जांच में कस्टम मिलिंग में राइस मिलरों से 140 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की बात सामने आई है।

### भ्रष्टाचार-साजिश का आरोप, दो अलग-अलग अपराध दर्ज




### निविदा राशि में 40 प्रतिशत तक कमीशन

ईडी की जांच में यह बात सामने आई है कि अफसर निविदा राशि में 40 प्रतिशत तक कमीशन लेते थे तथा निजी कंपनी की निविदाओं पर 15 से 20 प्रतिशत अलग दर से कमीशन प्राप्त किया है। ईडी की जांच में यह बात भी सामने आई है कि राज्य के अलग-अलग जिलों में डीएमएफ फंड की राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है।

### इन धाराओं के तहत अपराध दर्ज

ईओडब्लू ने ईडी के प्रतिवेदन पर अपराध क्रमांक 01/2024, आईपीसी की धारा 120 बी, 409, भ्रष्टाचार निवारण की धारा 13 (1) (क) सहपठित धारा 13 (2) के तहत कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में अपराध दर्ज किया है। डीएमएफ फंड घोटाले में अपराध क्रमांक 02 में धारा 120 बी, 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच करेगी।

### डीएमएफ फंड घोटाला में रानू सहित इनके खिलाफ अपराध

डीएमएफ फंड घोटाले में ईओडब्लू ने निलंबित आईएएस रानू साहू सहित कोरबा के निविदाकर्ता संजय शेंडे, अशोक कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, रिषभ सोनी तथा बिचौलिया मनोज कुमार द्विवेदी, रवि शर्मा, पियूष सोनी, पियूष साहू, अब्दुल एवं शेखर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय की रिपोर्ट पर पाया गया है कि कोरबा डीएमएफ के फंड से विभिन्न निविदाओं के आंबटन में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं की गयी हैं तथा गलत ढंग से निविदाओं को निर्धारण कर निविदाकर्ताओं को अवैध लाभ पहुंचाया गया है।




### बजट सत्र कल से, आज सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले बजट सत्र 31 जनवरी को आरंभ होकर 9 फरवरी को समाप्त होगा। सरकार ने मंगलवार को संसद में विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है।

चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हाईकोर्ट का नोटिस

- भाजपा उम्मीदवार विजय बघेल ने दायर की है चुनावी याचिका



**बिलासपुर।** पाटन सीट से निर्वाचित विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हाईकोर्ट की एकलपीठ ने नोटिस जारी किया है। दरअसल भाजपा उम्मीदवार विजय बघेल ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ चुनावी याचिका दायर करते हुए निर्वाचन को ⏭ शेष पेज 6 पर

### रैली-रोड शो के खिलाफ याचिका

याचिका में कहा गया है कि प्रावधान का उल्लंघन करते हुए दिनांक 16 नवंबर को एक रैली और रोड शो का आयोजन किया गया था। इस रैली की फोटो और वीडियो उपलब्ध है। इस फोटो और वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि भूपेश बघेल के द्वारा रैली का आयोजन ⏭ शेष पेज 6 पर

# छत्तीसगढ़ समेत 15 राज्यों की 56 सीटों पर 27 फरवरी को रास चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 56 निवर्तमान सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है। इनमें छत्तीसगढ़ की भाजपा सदस्य सरोज पांडे रिटायर हो रही हैं। जिन केंद्रीय मंत्रियों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा ⏭ शेष पेज 6 पर

### सरोज पांडे का कार्यकाल एक अप्रैल को खत्म होगा



### लोकसभा चुनाव से पहले अहम हैं ये चुनाव

चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनाव का ऐलान ऐसे वक्त पर किया, जब पार्टियां लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं। ऐसे में राज्यसभा ⏭ शेष पेज 6 पर

### 27 फरवरी को ही आएंगे नतीजे

राज्यसभा की 56 सीटों पर 27 फरवरी को वोटिंग होगी और इसी दिन नतीजे आएंगे। चुनाव के लिए आयोग 8 फरवरी को अधिसूचना जारी करेगा। नामांकन की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। नामांकन पत्रों की जांच की तारीख 16 फरवरी है। उम्मीदवार 20 फरवरी तक नाम वापस ले सकेंगे।

प्रधानमंत्री ने दिए सवालों के जवाब, मुख्यमंत्री साय भी कार्यक्रम में हुए शामिल

# परीक्षा पे चर्चा, सुकमा की छात्रा बैठी पीएम के साथ


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/रायपुर

खास खबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में तत्संबधी तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद किया। पीएम मोदी ने बच्चों से सीधा संवाद कर उन्हें परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाने तनावमुक्त एवं उत्साह के साथ दिलाने के टिप्स दिए। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ ⏭ शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी ने दिए ऐसे टिप्स

- छात्रों को 'स्क्रीन टाइम' के प्रति आगाह किया, जिससे नींद में खलल पड़ती है
- संतुलित जीवनशैली बनाए रखने के लिए हर चीज की अधिकता से बचना चाहिए
- फोन के पासवर्ड परिवार से करें साझा, रात्रि भोजन के समय गजट ना चलाएं



**छत्तीसगढ़ से ये भी हुए शामिल:** उल्लेखनीय है कि दिल्ली में हुई परीक्षा में चर्चा कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ से तोंगपाल के स्वामी आत्मानंद स्कूल की शिक्षिका अनिता पहारे और कोटा आत्मानंद स्कूल के छात्र शिवम बंसल भी शामिल हुए। गौरतलब है कि परीक्षा पे चर्चा का प्रारंभ वर्ष 2018 में सिर्फ 22 हजार लोगों ने सहभागिता की थी, जो छह वर्षों में 102 गुनी बढ़कर इस वर्ष 2 करोड़ 26 लाख से ज्यादा रही।

### सीएम साय बोले- छात्रों का बढ़ा आत्मविश्वास



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम देखा। उपस्थित स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम से चर्चा से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा। ⏭ शेष पेज 6 पर



29- JAN- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 1/29/2024 9:32 PM Page 1



## चिंतन

# जाति-धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलें हम

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की एक बड़ी समस्या जाति-धर्म के उल्लेख की तरफ ध्यान आकृष्ट किया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश संविधान की आकांक्षा के अनुरूप है, प्रगतिशील है व स्वागतयोग्य है। भारतीय समाज जाति व धर्म की संकीर्णता से जकड़ा हुआ है। संवैधानिक रूप से सभी नागरिक एक समान हैं, सभी को समान मौलिक अधिकार प्राप्त हैं, फिर भी जातिवाद व धर्मवाद भारतीय समाज को खोखला कर रहे हैं। आजादी के करीब 77 साल होने के बावजूद भारत ने कानूनी तौर पर जातिवाद से मुक्ति नहीं पाई है। जातिवाद को खत्म करने की दिशा में आजादी के बाद ही राजनीतिक व सरकारी प्रयास होने चाहिए थे। संविधान में सबको समान अधिकार दे दिए जाने के बाद मान लिया गया कि देश से जातिवाद की कुप्रथा खत्म हो जाएगी। संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर ने खुद एनिहिलिशन ऑफ कास्ट (जाति की विनाश) नाम से पुस्तक लिखी थी और संविधान में मौलिक अधिकारों में सबको समान होने की भावना का समावेश किया था। उन्होंने जातिगत आरक्षण की व्यवस्था भी केवल दस साल के लिए ही की थी, लेकिन वोट बैंक की राजनीति ने जातिगत आरक्षण को अनवरत जारी रखा। आज जातिगत राजनीति के चलते समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी होती गई हैं। वोट बैंक के लिए देश में जाति जनगणना को अंजाम दिया गया है। थाने, शिक्षण संस्थान में प्रवेश से लेकर नौकरियों के फार्म भरने, जनगणना व अदालती कार्यवाही तक लोगों की जाति व धर्म का उल्लेख किया जाता है, जो संविधान की भावना का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने उचित ही कहा है, 'हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।' शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है। सरकार अगर चाहेगी तो, देश से जातिवाद को खत्म किया जा सकता है। सरकार नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाने को प्रतिबंधित कर सकती है, आम नागरिक भी स्वेच्छा से अपने व अपने बच्चों के नाम के साथ जातिसूचक टाइटल लगाना बंद कर सकते हैं। कम से कम कोर्ट कचहरी, थाना समेत सभी सरकारी क्रियाकलापों में जाति व धर्म का उल्लेख बंद होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई बार जातिमुक्त आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की भावना व्यक्त की है। हमें सुप्रीम कोर्ट की बातों को गंभीरता से लेना चाहिए और जाति व धर्म की संकीर्णता से बाहर निकलना चाहिए।

## शिक्षा व्यवस्था
अलका आर्य



# कोचिंग सेंटरों पर अंकुश कितना प्रभावी होगा!

देश का कोई छोटा कस्बा हो या बड़ा शहर, छोटी बस्ती हो या पॉश इलाका, अक्सर यहां पर एक सामान्य दृश्य जो नजर आता है, वह है छात्रों की भीड़ और कोचिंग संस्थानों के लटकते बोर्ड। जैसे ही नया शैक्षाणिक सत्र शुरू होता है, उसके समानांतर ही कोचिंग संस्थानों के इश्तहार व होर्डिंग अपनी-अपनी जगह पर सज जाते हैं। कोचिंग संस्कृति, कोचिंग बाजार की पकड़ भारत में बहुत मजबूत है। यह मौजूदा शिक्षा प्रणाली पर एक बहुत बड़ा सवाल है। नई शिक्षा नीति 2020 में साफ कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा और प्रवेश परीक्षा सहित माध्यमिक स्कूल परीक्षाओं की वर्तमान प्रवत्ति और आज की कोचिंग संस्कृति विशेष रूप से माध्यमिक विद्यालय स्तर पर बहुत नुकसान कर रही है। इनके चलते विद्यार्थी अपना कीमती समय सार्थक अध्ययन की बजाए परीक्षाओं की तैयारी और परीक्षा कोचिंग करने में खर्च कर रहे हैं।' राजस्थान का कोटा शहर जोकि इंजीनियरिंग व मेडिकल की प्रवेश परीक्षा का कोचिंग हब है, वहां बीते साल 2023 में 28 छात्रों ने पढ़ाई के तनाव के चलते आत्महत्या कर ली थी। देश में गाहे-बगाहे कोचिंग संस्थानों पर छात्रों पर पढ़ाई का अनावश्यक दबाव बनाने का आरोप लगाया जाता है और इसके साथ ही ऐसे संस्थान प्रतियोगिता की मौजूदा होड़ का समाधान देने का भी दावा करते हैं। बहरहाल केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नई शिक्षा नीति के मद्देनजर व समाज के एक तबके की आवाज को महत्व देते हुए हाल में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुल्क में कोचिंग संस्थान 16 साल से कम आयु के बच्चों को अपने यहां दाखिला नहीं दे सकेंगे। कोचिंग में नामांकन सेकंडरी यानी 10वीं कक्षा की परीक्षा के बाद ही हो सकेगा। ऐसे संस्थान बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों को भ्रामक वादे, रैंक या अच्छे अंक की गारंटी नहीं दे सकेंगे। कोचिंग संस्थान अपनी गुणवत्ता, सुविधाओं या अपने यहां पढ़े छात्रों के परिणामों के बारे में प्रत्यक्ष या परोक्ष दावा भी नहीं करेंगे। ऐसे कई दिशा-निर्देश केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में देशभर में संचालित हजारों कोचिंग केंद्रों के लिए जारी किए हैं। कोचिंग केंद्र के पंजीकरण एवं विनियमन हेतु दिशा-निर्देश 2024' नाम से जारी गाइडलाइन में कई अहम बातों का उल्लेख है। दिशा-निर्देश के मुताबिक कोचिंग संस्थान स्नातक से कम योगयता वाले शिक्षक नहीं रख सकेंगे। पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा और इसके बाद ही कोचिंग शुरू हो सकेगी। छात्रों के लिए जरूरी जगह व संसाधन नहीं है तो पंजीकरण नहीं होगा। सभी पंजीकृत छात्रों को नोट्स व पाठ्यसामग्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के देनी होगी। स्कूल समय अवधि में कोचिंग नहीं होगी। ऐसी डमी स्कूलों से बचने के लिए है। छात्रों के टेस्ट के परिणाम सार्वजनिक नहीं करेंगे। इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा अन्य विकल्प बताने होंगे।

नई शिक्षा नीति में भी ऐसा जिक्र है-ये परीक्षाएं विद्याार्थियों को चुनाव के विकल्पों में लचीलापन जो कि भविष्य की व्यक्ति केंद्रित शिक्षा प्रणाली में बहुत महत्वपूर्ण होगा-देने के बजाए उन्हें किसी खास स्ट्रीम में संकुचित दायरे में ही तैयार करने के लिए मजबूर करती है।' दिशा-निर्देशों के उल्लघंन पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान किया गया है। शिक्षा विभाग की दलील ऐसे दिशा-निर्देशों को जारी करने के पीछे यह है कि छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों, कक्षाओं में आग लगने की घटनाओं व कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं की कमी है। मंत्रालय ने कहा है कि इसका मकसद संस्थानों को विनियमित करने के लिए कानूनी ढांचे की जरूरत पूरी करना और इसकी बढ़ती संख्या रोकना है। क्या ऐसे दिशा-निर्देश प्रभावी होंगे। क्या यह व्यावहारिक बदलाव लाएंगे या 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मिलने वाली कोचिंग का मौजूदा स्वरूप नया रूप ले लेगा। शिक्षा मंत्रालय, विभाग को इस पर गहन मंथन बहुत पहले ही करना चाहिए था कि आखिर बच्चों, किशोरों को स्कूल से बाहर कोचिंग, ट्यूशन की जरूरत क्यों पड़ती है? अब क्या जमीनी स्तर पर 16 साल से कम आयु के छात्र कोचिंग संस्थानों में पढ़ते हुए नजर नहीं आएंगे। यहां पर हाल ही में जारी असर रिपोर्ट का जिक्र करना प्रासगिंक है जो स्कूली शिक्षा के स्तर पर रोशनी डालती है। देश में 14-18 साल की आयु के 87 प्रतिशत से अधिक युवा स्कूल-कॉलेज में बेशक पढ़ रहे हैं, लेकिन उनमें से एक चौथाई अपनी क्षेत्रीय भाषा में दूसरी कक्षा के स्तर का पाठ नहीं पढ़ पाते। यह रिपोर्ट देश के 26 राज्यों के 28 जिलों में सरकारी व निजी दोनों संस्थानों में नामांकित 34,745 किशोरों के सर्वेक्षण पर आधारित है। ये दिशा-निर्देश कितने प्रभावी होंगे,यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## राजनीति
अवधेश कुमार

# नीतीश के जाने से 'इंडिया' को धक्का

नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है। स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम करेंगे। नीतीश कुमार के विश्लेषण से आप सहमत हों या असहमत, भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी दरक गई है। सच कहा जाए तो नीतीश के पाला बदलने के साथ इंडिया एक स्वस्थ शिशु के रूप में जन्म के पहले ही गर्भ में मृत्यु की ओर बढ़ गया है।

बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम में ऐसा कुछ नहीं है जिसमें कोई चौंकाने वाला तत्व तलाशे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता की राजनीति में पलटने और पलटवाने का ऐसा जुगुप्सापूर्ण प्रतिमान रचा है, जिसकी तुलना राजनीति में किसी भी पाला बदल से नहीं हो सकती। एक ही सरकार के साढ़े तीन वर्ष में तीन बार शपथ लेने का रिकॉर्ड उनके ही नाम होगा। निस्संदेह, इसका भी विश्लेषण होना चाहिए कि वह ऐसा क्यों करते हैं और दोनों प्रमुख पार्टियां भाजपा तथा राजद उनसे नाराज होकर भी फिर क्यों गले लगाते हैं। किंतु इस बार का पाला बदल केवल यही तक सीमित नहीं है। बिहार सहित भारतीय राजनीति के लिए इसके मायने ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। नीतीश कुमार का राजद सहित अन्य भाजपा विरोधी दलों के गठबंधन से बाहर आकर फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की यह घटना ठीक लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई है। स्वाभाविक ही इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव पर होगा और यह केवल बिहार तक सीमित नहीं रह सकता। नीतीश कुमार ने जब अगस्त, 2022 में भाजपा का साथ छोड़ा तो उनका तर्क एक ही था कि वे विपक्ष की एकता कायम कर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए काम करेंगे। उन्होंने लगातार इसके लिए कोशिश भी की। भाजपा और नरेंद्र मोदी पर तीखे हमले किए। लंबे प्रयास के बाद जून, 2023 में बिहार की राजधानी पटना में उन्होंने विपक्षी नेताओं की पहली संयुक्त बैठक बुलाने में सफलता पाई। इस पृष्ठभूमि में उनका लोकसभा चुनाव के पहले फिर भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में आने का राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से निहितार्थ क्या हैं यह बताने की आवश्यकता नहीं।

नीतीश कुमार ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद राजभवन के बाहर पत्रकारों से बहुत कुछ नहीं कहा। बावजूद इतना तो कहा ही कि हमने विरोधी दलों को इकट्ठा करने की कोशिश की, काम करने की कोशिश की, लेकिन कुछ हो ही नहीं रहा था, अच्छा नहीं चल रहा था। यह भी कहा कि बहुत दिनों से तो मैंने बोलना ही बंद कर दिया था। दूसरी ओर दिल्ली में इस समय नीतीश कुमार के विश्वसनीय रणनीतिकार एवं पार्टी के नेता केसी त्यागी ने आईएनडीआईए की अंदरुनी स्थिति और उसमें भी कांग्रेस के व्यवहार पर ज्यादा टिप्पणी की। उनके पूरे वक्तव्य का अर्थ यही था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व में भाजपा या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से मुकाबले की आईएनडीआईए में तैयारी तो नहीं ही थी, बल्कि एक दूसरे के विरुद्ध नेता और पार्टियां काम कर रहे थे। इसमें उन्होंने कांग्रेस को सबसे ज्यादा निशाने पर लिया। उन्होंने यहां तक कहा कि हमें मलाल है कि एक मरी हुई कांग्रेस पार्टी को भी हमने नेताओं के दरवाजे जा-जाकर जीवित कर दिया। जिस व्यक्ति ने सबसे पहले विपक्षी एकता की आवाज उठाई, जिसने विचार दिया कि भाजपा के उम्मीदवारों के विरुद्ध विपक्ष का एक उम्मीदवार खड़ा किया जाए तो ये सत्ता से हट जाएंगे, जिसने भाजपा को 150 सीटों से नीचे से सिमटाने की बात की, यदि वही बाहर आ गया तो भाजपा विरोधी दलों या पूरी राजनीति के लिए लोकसभा चुनाव के पूर्व इससे




बड़ा आघात कुछ नहीं हो सकता है? नीतीश और उनके विश्वसनीय सहयोगी आईएनडीआईए (इंडिया) पर इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं तथा बिहार में उस गठबंधन सरकार से बाहर आने का प्रमुख कारण बता रहे हैं तो इसका मतलब साफ है। यानी 'इंडिया' के नाम पर एक दूसरे के साथ बीच-बीच में बैठने वाले नेता भले बयान जो दें , अंदर न कोई वैचारिकता है और न ही संघर्ष करने की मानसिक तैयारी। इस तरह नीतीश ने स्पष्ट कर दिया है कि आईएनडीआईए में एक दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान का पूरा अभाव है।

नीतीश कुमार के विश्लेषण से आप सहमत हों या असहमत, भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी की तस्वीर तो यह है ही। सच कहा जाए तो नीतीश कुमार के पाला बदलने के साथ आईएनडीआईए एक स्वस्थ शिशु के रूप में जन्म के पहले ही गर्भ में मृत्यु की ओर बढ़ गया। ध्यान रखिए नीतीश कुमार के अंदर 2010 से ही हमने राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के नेतृत्व करने की छटपटाहट देखी है। वो हार मान कर अपनी आकांक्षा को बलि चढ़ा रहे हैं तो यह सामान्य पाला बदू की घटना नहीं है। इस नाते बिहार की घटना के निहितार्थ बहुत बड़े हैं। प्रश्न है कि क्या इस तरह की घटना बिहार तक सीमित रहेगी या किसी न किसी रूप में इसकी प्रतिध्वनि देश के अन्य भागों से भी सुनाई पड़ेगी? कारण, इस घटना के साथ विचारधारा जुड़ी है। नीतीश कुमार ने राजग से अलग होने के बाद भाजपा पर सांप्रदायिकता एवं समाज को तोड़ने का भी आरोप लगाया था। आईएनडीआईए के गठन के पीछे भाजपा विरोधी दल विचारधारा की आवाज उठा रहे थे। नीतीश भी यही कह रहे थे कि ये लोग समाज को तोड़ने वाले हैं। मोदी व भाजपा विरोधी राजनीति को सांप्रदायिकता बनाम सेक्युलरवाद का चरित्र देने की कोशिश थी। इसके साथ कांग्रेस सहित कई पार्टियों ने लोकतंत्र और संविधान बचाने की बात की और राहुल गांधी लगातार यही बोल रहे हैं। नीतीश का पाला बदलना साबित करता है कि मोदी और भाजपा विरोध के पीछे विचारधारा कारक था ही नहीं। तो आगे भी यह नहीं होगा। यही सच भी है। कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को ठुकरा कर यही संदेश देने की कोशिश की कि हम भाजपा के यानी सांप्रदायिकता के साथ नहीं है। दूसरी ओर प्राण प्रतिष्ठा ने संपूर्ण भारत को जिस तरह एकाकार किया, शहर-शहर, गांव-गांव में रामायण पाठ से लेकर रामधुन की गूंज सुनाई दी, शोभायात्रा निकली और दीपावली मनाई गई, वह प्रमाण है कि विपक्ष की तथाकथित विचारधारा के साथ देश का बहुमत नहीं है। बहुमत हिन्दुत्व के साथ है और उसे विपक्ष की राजनीति स्वीकार नहीं है। नीतीश कुमार को 22 जनवरी के बिहार को देखने के बाद इसका सम्पूर्ण एहसास हो गया होगा। कारण, बिहार में ऐसा कोई शहर और गांव नहीं जहां अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम नहीं हुए। हर पार्टी के अंदर ऐसे लोग खड़े हुए जिन्होंने अपने नेताओं द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने को गलत कहा। कॉन्ग्रेस के कई नेता तो सामने आकर इसके विरोध में वक्तव्य देने से भी नहीं चुके। नीतीश कुमार के निर्णय के पीछे प्राण प्रतिष्ठा भी एक प्रमुख कारक है। देश के राममय और हिंदुत्वमय वातावरण के दबाव में राजनीति के आने का अर्थ हुआ कि आने वाले समय में विपक्षी एकता की हवा और निकलेगी तथा भाजपा संग का आकर्षण बढ़ेगा। संभव है दूसरे राज्यों में भी भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर कुछ दल और नेता आएं। पंजाब में शायद मूल अकाली दल के साथ गठबंधन हो जाए। संभव है कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के साथ की शिवसेना में भी टूट हो। तमिलनाडु भी इससे वंचित नहीं रह सकता। निश्चित मानिए आने वाले समय में तमिलनाडु में भी कुछ दल भाजपा के साथ आएंगे तो कुछ नेता विरोध परित्याग कर चुनाव में गठबंधन करने की कोशिश करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
## दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?


# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
## प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशे को न कहें युवा

नशा नासूर बन गया है। देश के विकास में युवा वर्ग का सबसे बड़ा योगदान होता है। स्वस्थ और तंदरुस्त युवा देश के विकास को रफ्तार दे सकते हैं। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि आज भारत के कुछ युवा नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी को नरक बना रहे हैं। नशा, नाश का दूसरा नाम है। जिसने भी नशे का दामन एक बार पकड़ लिया उसे नशा मौत के मुंह तक तो ले ही जाता है। साथ ही उसके घर परिवार का भी कई बार नाश कर देता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है। हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर–परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। नशा युवा पीढ़ी को कमजोर करता है, इसलिए नशे को न कहें।

*– विकास उपाध्याय, भिलाई*

## ट्रेंड

### परीक्षा पर चर्चा



प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से छात्रों से ये सातवां संवाद है जो तनावमुक्त, भयमुक्त और सकारात्मक प्रभाव डालते हुए हर परिस्थिति का सामना करने और जीतने की प्रेरणा देता है। छात्रों को दिए गए उनके मंत्र उनके विवेक को बढ़ाएंगे।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

### गुस्सा पैदा हो रहा



युवा से पूछिए कि वे क्या करना चाहते हैं? वे बताएंगे कि रोजगार चाहिए। सच्चाई ये है कि आज हिंदुस्तान में युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है। युवा सपनों को पूरा नहीं कर पा रहे, जिसके कारण उनके दिल में नफरत और गुस्सा पैदा हो रहा है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### इंसान से गलती



हम सभी गलतियां करते हैं। कभी-कभी अच्छे लोग गलत चुनाव कर लेते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि वे बुरे हैं, इसका मतलब है कि वे इंसान हैं और इंसान से ही गलती होती है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

### जन्म सिद्ध हुआ



दर्शन पाकर एक जन्म सिद्ध हुआ, राम प्रकट हुए इस युग में, यह युग भी सिद्ध हुआ, ऐसी शुभ घड़ी जैसे जगत का कल्याण हो रहा, मनुष्यों, जीवों में सदभावना हो रही। सत्य निष्ठा पूर्ण प्रार्थनाओं का श्रव्य महादेव तक हो रहा हो।

-कैलाश खेर, गीतकार

## करंट अफेयर

# मुइज्जू के खिलाफ विपक्ष महाभियोग लाने तैयार



मालदीव की संसद में बहुमत रखने वाला मुख्य विपक्षी दल एमडीपी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए प्रस्ताव रखने की तैयारी कर रहा है। खबरों में यह दावा किया गया। इससे पहले रविवार को संसद में सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच चीन समर्थक राष्ट्रपति के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों की मंजूरी पर मतभेदों को लेकर विवाद हो गया था। मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया, जिसके बाद सत्तारूढ़ प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम) गठबंधन के सरकार समर्थक सांसदों ने संसदीय कार्यवाही में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया। 'सन डॉट कॉम' ने एमडीपी के एक सांसद के हवाले से कहा, 'एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त संख्या में हस्ताक्षर करा लिए हैं। हालांकि, उन्होंने अभी इसे जमा नहीं किया है।' 'द एडिशन डॉट एमवी' की खबर के अनुसार एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार को हुई बैठक में महाभियोग प्रस्ताव को जमा करने का फैसला सर्वसम्मति से किया गया।

## ऑफ बीट

# जिनकी हम परवाह करते हैं यह संख्या सीमित हैं



जीवन यापन की लागत का संकट, कोविड, जलवायु परिवर्तन और कई वैश्विक संघर्षों और शरणार्थी संकटों के बीच जब इन सबके कारण परेशान होने वाले लोगों के बारे में सोचते हैं, तो हम यह कैसे तय करें कि हमें अपनी करुणा को कहाँ निर्देशित करना है? एक ऐसी दुनिया में जो तेजी से खंडित होती जा रही है, हम यह पता लगाना चाहते थे कि क्या लोग 'हम' और 'वह' के बीच विभाजन को पाट सकते हैं – दूसरों की मदद करने की इच्छा की भावना को बढ़ाने के लिए, जो आम तौर पर उनके 'नैतिक दायरे' से परे होते हैं। हमने पाया कि करुणा प्रशिक्षण की आश्चर्यजनक रूप से छोटी अवधि किसी व्यक्ति के उस निकटतम दायरे से परे लोगों की संख्या को बढ़ा सकती है, जिनकी वह परवाह करता है। यह समझना कि हमारे लिए कौन सबसे अधिक मायने रखता है, सभी नैतिक संबंध समान नहीं होते हैं। यदि परेशान व्यक्ति हमारा बच्चा, हमारा साथी, हमारा दोस्त है, तो हम मदद करने के लिए तत्पर हैं। लेकिन जब किसी अनजान अजनबी, या ग्रह के दूसरी ओर के किसी व्यक्ति की पीड़ा का सामना करना पड़ता है, तो मदद करने की हमारी प्रेरणा कम हो जाती है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
मंगलवार, 30 जनवरी 2024
माघ कृष्ण पक्ष पंचमी
वर्ष : 23, अंक : 339
पृष्ठ : 12+4 = 16, मूल्य : 5.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 29.4
न्यून. 12.8



7 मंदीप ने अमेरिका में जीता

विचार पेज
नीतीश के जाने से 'इंडिया' को धक्का




# जिसकी सप्लाई नहीं, उस इंजेक्शन का फरमान, किस डॉक्टर ने लिखी पर्ची, हो रही तलाश

## आंबेडकर अस्पताल का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में नहीं मिलने वाले इंजेक्शन को लाने परिजनों को पर्ची थमाने के मामले में आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है। भाटापारा की महिला ने इलाज के दौरान आंबेडकर अस्पताल के एमआईसीयू में अपनी जान गंवा दी थी। अस्पताल प्रबंधन की ओर से महिला की मौत की वजह दूसरे कारणों को बताया जा रहा है। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया था कि डाक्टरों ने उन्हें बाजार से जो इंजेक्शन खरीदकर लाने के लिए दिया था, वह पूरे देश में नहीं मिलता। इसकी जानकारी संबंधित डाक्टर को देने के बाद भी वे अपनी बात पर अड़े रहे और इंजेक्शन खरीदने पर जोर देते रहे। हरिभूमि ने सोमवार के अंक में इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, जिसके बाद आंबेडकर अस्पताल में हड़कंप मच गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक थायरायड की जिस समस्या के लिए डाक्टर ने इंजेक्शन लाने कहा था, उसकी टेबलेट दवा दुकानों में आसानी से मिलती है, जिसके प्रयोग से मरीज की स्थिति को सामान्य करने की कोशिश की जाती है। संबंधित इंजेक्शन का उपयोग ज्यादातर दूसरे देशों में होता है। मामले की सच्चाई का पता लगाने के लिए अस्पताल प्रबंधन के निर्देश पर मेडिसिन विभाग ने जांच शुरू कर दी है। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि महिला को डीके अस्पताल से जब इलाज के लिए यहां लाया गया था, तो उसकी हालत काफी ▶▶| शेष पेज 6 पर

खबर का असर

### वेंटिलेटर में लीकेज

अस्पताल सूत्रों का कहना है कि एमआईसीयू का वेंटिलेटर खराब नहीं हुआ था, उसमें लीकेज की समस्या आ रही थी, जिसे सुधारने के लिए कर्मचारी वहां गए थे। समस्या का समाधान कुछ देर में ही कर लिया गया था। इसकी वजह से किसी भी मरीज को दिक्कत नहीं हुई थी।


थायरायड के इलाज के लिए भाटापारा से इलाज के लिए भर्ती हुई थी 45 साल की महिला
डॉक्टर ने लिखा ऐसा इंजेक्शन, जो भारत में नहीं मिलता, इलाज के दौरान महिला की मौत
मेडिसिन आइसीयू में थी भर्ती, डॉक्टर ने थमा दी यूरोप में मिलने वाले इंजेक्शन की पर्ची

### जानकारी मांगी गई है

संबंधित मामले में एचओडी से जानकारी मांगी गई है। महिला गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल आई थी, इसकी जानकारी परिजनों को दी जा चुकी थी। इंजेक्शन लिखने के मामले में जानकारी ली जा रही है।

- डॉ. एसबीएस नेताम, चिकित्सा अधीक्षक आंबेडकर अस्पताल

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चंद्रबाबू को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती इनर रिंग रोड घोटाला मामले में तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को दी गई अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि अन्य आरोपियों संबंधी उसी प्राथमिकी से उत्पन्न मामले में एक अपील को अदालत ने पिछले साल पहले ही खारिज कर दिया था।

### हादसे में परिवार के पांच सदस्यों की मौत




**हैदराबाद।** तेलंगाना के नलगोंडा जिले में एक ही परिवार के दो बच्चों समेत पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रुप से घायल है। हादसे के शिकार लोग जिस कार से यात्रा कर रहे थे, उसमें तेज गति से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी। यह दुर्घटना उस समय हुई आंध्र प्रदेश की यात्रा के बाद लौट रहे थे।

### अंगीठी के धुएं से दम घुटा महिला और बेटे की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक महिला और उसके दो साल के बेटे की कमरे में जल रही कोयले की अंगीठी के धुएं के कारण दम घुटने से मौत हो गई। महिला के पति और दो अन्य बच्चों का इलाज सफदरजंग अस्पताल में हो रहा है। रविवार सुबह छह बजकर 16 मिनट पर पुलिस को उनकी हालत के बारे में सूचित किया गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरसा रेड्डी नहीं रहे



**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री पी नरसा रेड्डी का सोमवार को निधन हो गया। वह 1972 से 1974 तक अविभाजित आंध्र प्रदेश के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे। जब जलागम वेंगल राव मुख्यमंत्री थे, तब नरसा रेड्डी ने विधायक, सांसद और विधान परिषद सदस्य के साथ-साथ मंत्री के रूप में भी काम किया था।

# लालू से 9 घंटे में पूछे 50 से अधिक सवाल, सोरेन के आवास पर भी ईडी

पटना ईडी कार्यालय में लालू ने हां और न में दिया जवाब

*बिहार में नई सरकार बनने के बाद ईडी एक्शन में आ गई है। राजद प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद कथित 'जमीन के बदले नौकरी घोटाला' मामले में पूछताछ के लिए पटना ईडी दफ्तर में पेश हुए। लालू से 9 घंटे में 50 से अधिक सवालों पर पूछताछ हुई। इधर, जमीन घोटाले में घिरे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने ईडी उनके दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची।*

एजेंसी ▶▶| पटना

राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद कथित 'जमीन के बदले नौकरी घोटाला' मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को पटना स्थित प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पहुंचे। राजद प्रमुख के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी मौजूद रहीं और वे सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजकर पांच मिनट पर ईडी कार्यालय पहुंचे। जद-यू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'महागठबंधन' से अलग होने के एक दिन बाद लालू प्रसाद केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश हुए। इस गठबंधन में राजद सबसे बड़ा घटक दल है। ईडी कार्यालय में लालू को प्रवेश कराने के बाद भारती ने कहा, जब भी कोई केंद्रीय जांच एजेंसी हमारे परिवार के किसी सदस्य को पूछताछ के लिए बुलाती है तो हम वहां जाते हैं और उनके साथ सहयोग करते हैं और उनके सभी सवालों का जवाब देते हैं।

■ समर्थकों ने घेरा ईडी दफ्तर, जमकर किया हंगामा



### दिल्ली से पटना पहुंची ईडी की टीम

*ईडी सूत्रों के मुताबिक कथित 'जमीन के बदले नौकरी घोटाला' मामले में राजद नेता से पूछताछ करने के लिए दिल्ली से एजेंसी के अधिकारियों की एक टीम रविवार को पटना पहुंची। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 19 जनवरी को मामले के संबंध में लालू और उनके बेटे तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए नया समन जारी किया था। ईडी द्वारा पटना स्थित राजद प्रमुख की पत्नी एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर समन सौंपा गया था। दोनों को क्रमशः 29 और 30 जनवरी को ईडी अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया था।*



### दिल्ली आवास पर नहीं मिले झारखंड सीएम

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम सोमवार सुबह 7 बजे राजधानी दिल्ली स्थित हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंची। ईडी की यह टीम जब हेमंत सोरेन के दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके शांति निकेतन में उनके आवास पर पहुंची तो वह नदारद मिले। उनका कहना है कि उस दौरान ईसीआईआर में उल्लिखित अपराध की आय के बारे में कोई सवाल नहीं पूछा गया था। उनका कहना है कि यह स्वाभाविक रूप से एक घूमती हुई जांच है और राजनीति से प्रेरित है। उनका दावा है कि मीडिया ट्रायल चलाने के लिए प्रेस को झूठी सामग्री दी गई।

### इधर, सोरेन का ईडी को पत्र कहा-31 को पेश होंगे

हेमंत सोरेन ने ईडी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि 31 जनवरी को ईडी के सामने पेश होंगे। उनका कहना है कि 7 घंटे तक उन्हें ईडी के 17-18 सवालों का सामना करना पड़ा. क्या ईडी 2018 से 2022 के बीच सोहराई इवेंट्स और सोहराई भवन के व्यवसायों के बैंक में जमा राशि के बारे में पूछताछ करना चाहता है, जो सोरेन की पत्नी के कानूनी कार्यालय हैं। उनका आरोप है कि उनसे बरगई में कथित तौर पर उनकी जमीन के बारे में सवाल पूछे गए थे और उन्होंने चुनाव आयोग के हलफनामे में इसका खुलासा क्यों नहीं किया।

कैवियट दायर

# पूर्व मंत्री अकबर के रिश्तेदार की कंपनी के खिलाफ शासन पहुंचा हाईकोर्ट



**210 करोड़** के टेंडर को राज्य शासन ने रद्द कर दिया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

पूर्व वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर के रिश्तेदार की कंपनी द्वारा किए गए फर्जीवाड़ा का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। नवा रायपुर में कंपनी को मिले 210 करोड़ के टेंडर को राज्य शासन ने रद्द कर दिया है। जिन दस्तावेजों के आधार पर ठेका कंपनी ने करोड़ों का ठेका हासिल किया था ,उसकी तकनीकी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ठेका कंपनी ने नहीं दिया अभी तक जवाब

आवास एवं पर्यावरण विभाग के अलावा नवा रायपुर विकास प्राधिकरण ने रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (आरसीपीएल) पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। टेंडर रद्द करने के बाद नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) ने ठेका कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में केविएट दायर किया है। एनआरडीए ने दायर केविएट में ▶▶| शेष पेज 6 पर

### तकनीकी दक्षता ही पूरी नहीं की कंपनी ने

मामले में 18 जनवरी 2024 को सबूतों और शिकायतों के आधार पर राज्य शासन की ओर से ठेका कंपनी पर कार्रवाई की गई थी। आरोप है कि पूर्व वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर के रिश्तेदार व रायपुर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी ▶▶| शेष पेज 6 पर

शाह बोले- आतंकवाद बर्दाश्त नहीं

# आतंकी समूह 'सिमी' पर और पांच साल रहेगा बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति व सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने में संलिप्तता के लिए आतंकवादी समूह स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगा प्रतिबंध को सोमवार को पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकवाद को 'बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस)' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए, सिमी को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत पांच साल की अवधि के लिए 'विधि विरुद्ध संगठन' घोषित किया गया है। सिमी पर पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था। तब से हर पांच साल में प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है। सिमी पर पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी, 2019 को लगाया गया था। शाह ने कहा, सिमी को भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को खतरे में डालने के लिए आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति व सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल पाया गया है।



### फिर से संगठित कर रहा समूह

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा कि सिमी अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को जारी रखे हुए है। अपने कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित कर रहा है, जो अब भी फरार हैं। यह समूह साम्प्रदायिकता, वैमनस्य पैदा करके, राष्ट्र-विरोधी भावनाओं के प्रचार, उग्रवाद का समर्थन करके देश की अखंडता व सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है और धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रहा है।

### गृह मंत्रालय ने 17 मामलों का दिया हवाला

गृह मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों में लगभग 17 आतंकी मामलों का भी हवाला दिया, जिनमें सिमी कार्यकर्ता कथित रूप से शामिल थे। अधिसूचना में पूर्व सिमी कार्यकर्ता एआर कुरैशी के खिलाफ एनआईए मामले का उल्लेख किया गया है, जिसने इस्लामिक जिहाद के लिए अपने सहयोगियों के साथ आईएसआईएस में शामिल होने और भारत में लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रची थी। अधिसूचना में कहा गया है, सिमी ऐसी गतिविधियों में लिप्त रहा है, जो देश की सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं और शांति व सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने तथा देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बाधित कर सकती हैं। उपर्युक्त कारणों से केंद्र सरकार ने सिमी की गतिविधियों को ध्यान में रखा है।

## 'अग्रणी भारत' से 'टाइगर हिल' तक




नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स पर सामूहिक बैंड के 'शंखनाद' से लेकर नौसेना के मधुर 'मिशन चंद्रयान' की धुनें गूंजती रहीं। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है।

# शादी की उम्र बढ़ाने बनी समिति का बढ़ा कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

महिलाओं की शादी की न्यूनतम आयु मौजूदा 18 साल से बढ़ाकर 21 साल करने की मांग करने वाले विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति का कार्यकाल उसके रिपोर्ट पेश करने के लिए एक और बार बढ़ाया गया है। आगामी 31 जनवरी से शुरू होने वाला संसद का बजट सत्र लोकसभा चुनाव ▶▶| शेष पेज 6 पर

■ 18 से 21 साल करने की तैयारी

### लोकसभा में पेश किया गया था संशोधन विधेयक

बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 दिसंबर, 2021 में लोकसभा में पेश किया गया था। इसे शिक्षा, महिलाओं, बच्चों, युवाओं और खेल संबंधी स्थायी समिति को भेजा गया था। यह समिति राज्यसभा सचिवालय के तहत कार्य करती है।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, तत्काल रोक लगाने के दिए निर्देश

# कोर्ट में जाति-धर्म की पहचान नहीं होगी उजागर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा, हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता।

इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।



### राजस्थान के मामले में हो रही थी सुनवाई

*सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान की एक कुटुम्ब कोर्ट में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।*

### सुप्रीम कोर्ट ने दिए ऐसे निर्देश

*सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से वकीलों और कोर्ट रजिस्ट्री को इसका पालन करना है। बेंच ने कहा कि कोर्ट को फैसला लेने के लिए किसी की जाति और धर्म की जानकारी लेने से कोई मतलब नहीं होता है।*

### इधर, दो जजों में रार, मामले की सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

कलकत्ता हाईकोर्ट के दो जजों जस्टिस अभिजीत गांगुली और जस्टिस सौमेन सेन की बीच झगड़े पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है। दोनों जजों में मची रार की जड़ बने जाति प्रमाण पत्र घोटाले के केस को सुप्रीम कोर्ट ने अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। इसका मतलब हुआ कि इस मामले की सुनवाई अब खुद शीर्ष अदालत करेगी। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह फैसला लिया है। इस बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अनिरुद्ध बोस भी शामिल हैं। हाई कोर्ट जजों के बीच छिड़े विवाद पर अदालत ने स्वतः संज्ञान लिया था और अब उसकी ओर से यह फैसला आया है।

## दिल्ली में कलस्टर प्रभारियों की बैठक में तय हुई थी तिथि

# अब तक किसी भी लोकसभा में नहीं खुला कार्यालय, डेडलाइन को बचे दो दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा लगातार तैयारी में लगी है। इस माह दिल्ली में कलस्टर प्रभारियों की बैठक में तय किया गया था कि 31 जनवरी तक छत्तीसगढ़ की भी 11 लोकसभाओं में कार्यालय खोल दिए जाएंगे। अब तक किसी भी लोकसभा में कार्यालय नहीं खुल पाया है। अब डेडलाइन में महज दो दिन ही बचे हैं। कार्यालय के लिए स्थान की तलाश की जा रही है। एक साथ सभी लोकसभाओं में कार्यालय खोलने की तैयारी चल रही है।

भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव को भी अलग अंदाज में लड़ने का फैसला किया है। पिछले साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में इस तरह की रणनीति अपनाई जा चुकी है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लगने से पहले ही कई प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया गया था। इस बार लोकसभा के लिए भी ऐसी रणनीति बनाई गई है। इसी के साथ यह भी तय किया गया है कि प्रत्याशियों के ऐलान से पहले ही लोकसभाओं में कार्यालय खोल दिए जाएं।

ऐसा पहली बार होगा। भाजपा ने देशभर की लोकसभा सीटों को 146 कलस्टरों में बांटा है। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों को तीन कलस्टरों में बांटा गया है। सभी कलस्टर के प्रभारियों की दिल्ली में बैठक करके उनको निर्देश देकर अपने-अपने राज्य भेजा गया कि 31 जनवरी तक ज्यादातर लोकसभाओं में कार्यालय खोल दिए जाएं। छत्तीसगढ़ में सभी लोकसभा में कार्यालय खोलने का निर्देश है।

### जल्द कार्यालय खोलने की है तैयारी

छत्तीसगढ़ में अब तक किसी भी लोकसभा में कार्यालय नहीं खोला गया है, लेकिन कलस्टर के बाद लोकसभाओं के प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक बनाए गए हैं। इनको अपनी-अपनी लोकसभा में कार्यालय खोलने के काम में लगाया गया है। अब लोकसभा के मुख्यालय में कार्यालय खोलने के लिए स्थानों की तलाश की जा रही है। भाजपा के जानकारों का कहना है कि पहले 31 जनवरी को इसलिए कार्यालय खोलना तय किया गया था, क्योंकि पहले चरण में डेढ़ सौ से ज्यादा सीटों पर 30 जनवरी को प्रत्याशियों का ऐलान करने की तैयारी थी, लेकिन बिहार में राजनीतिक उठा पटक के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अब संभावना जताई जा रही है कि फरवरी के पहले सप्ताह तक प्रत्याशियों का एक ऐलान होगा और इसके पहले लोकसभाओं में कार्यालय भी खोल दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ में हालांकि सभी सीटों के प्रत्याशी घोषित नहीं होंगे, लेकिन कार्यालय सभी लोकसभाओं में जरूर जल्द खुल जाएंगे।

## विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री ने परीक्षा की तैयारी का दिया मूलमंत्र



रायपुर। तिलक नगर गुढ़ियारी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा 2024 का सीधा प्रसारण किया गया। चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के समय तनावमुक्त होकर सहज भाव से तैयारी का मूलमंत्र दिया। साथ ही उन्होंने परीक्षा के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों की जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्हें बच्चों के व्यवहार और शारीरिक हाव-भाव देखकर उनके भीतर परीक्षा संबंधी तनाव के संकेत को समझना चाहिए तथा बच्चों को मित्रवत होकर उस तनाव से निकलने में मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक पालक समिति के अध्यक्ष सुनील ठाकुर और अन्य सदस्य, प्रभारी प्राचार्या सुजाता भट्टाचार्य, समस्त शिक्षक, पालक और समस्त विद्यार्थी शामिल हुए।

# बंद बीमा की रकम दिलाने का झांसा सेवानिवृत्त अफसर से 70 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जालसाज चोरी के डेटा से आए दिन लोगों को नित नए तरीके से ठगी का शिकार बना रहे हैं। लोगों को जागरूक करने पुलिस जन जागरूकता अभियान भी चला रही है। बावजूद इसके लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में जालसाजों ने टिकरापारा थाना क्षेत्र में रहने वाली बिजली विभाग की सेवानिवृत्त डिप्टी जीएम को बंद बीमा चालू करने का झांसा देकर 70 लाख रुपए ठगी का शिकार बनाया है। सिविल लाइंस थाने में एक राजभवन के कर्मचारी ने एक अन्य के खिलाफ 50 हजार रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक संजय नगर निवासी जसिंता लकड़ा ने राम किशन वर्मा तथा पुनीत जोशी तथा अन्य के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। जसिंता ने पुलिस को बताया है कि राम किशन तथा पुनीत ने वर्ष 2016 में कॉल कर अपना परिचय रायगढ़ स्थित एसबीआई बीमा कंपनी का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका बंद बीमा पॉलिसी का पैसा मिल जाएगा, लेकिन इसके लिए उन्हें नई बीमा पॉलिसी ली होगी। जालसाजों ने महिला अफसर को उनकी बंद बीमा पॉलिसी का नंबर बताकर अपने झांसे में लिया। इसके बाद जालसाजों ने महिला को आयकर, जीएसटी तथा प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 70 लाख रुपए अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर कराए।

■ एक अन्य मामले में राजभवन के कर्मचारी से 55 हजार की ठगी

### ओडिशा राजभवन के कर्मचारी बनकर की ठगी

इधर, राजभवन के हाउस कीपर रावेंद्र बहादुर पटेल ने सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ 55 हजार रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। रावेंद्र ने पुलिस को बताया है कि उसके पास नौ नवंबर को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम एमके मिश्रा बताते हुए ओडिशा राजभवन का स्टाफ बताया। इसके साथ ही कॉल करने वाले ने रावेंद्र को रायपुर में अपनी पत्नी का उपचार होने का झांसा देते हुए तत्काल पैसों की जरूरत होने की बात कहते हुए अपने अकाउंट में 49 हजार रुपए ट्रांसफर कराया। रावेंद्र ने इस संबंध में ओडिशा राजभवन में संपर्क किया, तो वह फर्जी निकला।

### शिकायत के बाद पांच हजार की ठगी

ठगी का शिकार होने के बाद रावेंद्र ने थाने में शिकायत की। इसके बाद किसी अनजान व्यक्ति ने रावेंद्र को थाने का स्टाफ बताते हुए शिकायत की जांच करने पांच रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए कहा और क्यूआर कोड भेजा। पांच हजार रुपए ट्रांसफर करने के बाद जालसाजों ने रावेंद्र के अकाउंट से और पांच हजार आहरण कर ठगी की।

# तेज रफ्तार कार चलाने के विवाद पर बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गणतंत्र दिवस के दिन देर रात खम्हारडीह थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार चलाने के विवाद पर बदमाशों द्वारा पीड़ित के घर के सामने उत्पात मचाने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो के बाद बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए घटना में शामिल फरार बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की है।दरअसल पूरा मामला इस प्रकार से है, 26 जनवरी को रात पौने 12 बजे 62 वर्षीय बुजुर्ग संतोष जैन अपनी कार से जा रहे थे। अवंति विहार मेन रोड में कार तेज चलाने के विवाद पर अनीस बाउला तथा अतीब बाउला के साथ संतोष का विवाद हो गया। मामला शांत होने पर अनीस तथा अतीब अपने अन्य साथियों के साथ खम्हारडीह स्थित विरासत सोसाइटी में पहुंच गए।

### आरोपी पक्ष ने भी मारपीट करने का आरोप लगाया

संतोष ने जिन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है, उन लोगों ने संतोष तथा अन्य के खिलाफ तेज रफ्तार कार चलाने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक अनीस तथा उसके भाई ने मारपीट की शिकायत दर्ज कराने के बाद विरासत सोसाइटी पहुंचकर हंगामा किया है। सोसाइटी में हंगामा करने के बाद अनीस तथा उसके भाई को पुलिस कार्रवाई की आशंका हो गई थी। इसके बाद दोनों फरार हो गए।


## छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड,
ब्लाक नंबर - 7 ए, द्वितीय तल, आफिस कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-24, मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/चना/निविदा / 2023-24 / 279 नवा रायपुर, दिनांक : 24/01/24

**वित्तीय वर्ष 2024-25 के चना क्रय हेतु ई-निविदा सूचना**

निगम द्वारा चना क्रय हेतु भारत सरकार / राज्य सरकार के उपक्रम / संयुक्त उपक्रम तथा प्रतिष्ठित फर्मो / प्रतिष्ठानों से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्पोरेशन के निर्धारित संबंधित ई-निविदा दस्तावेज (जिसमें विस्तृत निविदा निर्देश / शर्ते आदि वर्णित है) में दिनांक 03.03.2024 को शाम 5.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है, ई-निविदा का कार्यक्रम निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| Bid Star Date | 01-02-2024 | 11.00 AM |
| Bid Due Date | 03-03-2024 | 5.00 PM |
| Bid Open Date From | 04-03-2024 to 07-03-2024 | 11.00 AM |

ई-निविदा के नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं राज्य सरकार के वेबसाईट ttps://cgstate.gov.in पर उपलब्ध है । किसी भी निविदा को बिना कारण बताये मान्य अथवा अमान्य किये जाने का अंतिम अधिकार प्रबंध संचालक को रहेगा ।

संवाद- 39482 प्रबंध संचालक


## लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर बोले भाजपा विधायक, पार्टी का जो आदेश होगा, वही करेंगे



- पूर्व मंत्री राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, लता उसेंडी, अजय चंद्राकर के नाम चर्चा में
- सांसद से विधायक बनीं रेणुका सिंह और गोमती साय के भी वापस लोकसभा चुनाव लड़ने के कयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर अब भाजपा में इस बात की चर्चा हो रही है कि जिस तरह से विधानसभा के चुनाव में चार सांसदों को मैदान पर उतारा गया था, उसी तर्ज पर इस बार लोकसभा के चुनाव में भाजपा कुछ विधायकों पर दांव खेल सकती है।

इस मामले में जब हरिभूमि ने भाजपा के करीब आधा दर्जन विधायकों से बात की, तो किसी ने भी यह नहीं कहा कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ने का इच्छुक है या दावेदार है। इन सबका एक स्वर में यही कहना है, पार्टी का जो भी आदेश होता है, उसका हम पालन करते हैं। अगर पार्टी कहेगी कि लोकसभा का चुनाव लड़ना है, तो पार्टी के आदेश का पालन करेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के भी लगातार दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। हालांकि किसी भी लोकसभा से खुलकर यह बात सामने नहीं आ रही है कि वहां से किसी विधायक को चुनाव लड़ाया जाएगा। लेकिन कुछ नामों की चर्चा जरूर हो रही है। बिलासपुर से पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, महासमुंद से अजय चंद्राकर, रायगढ़ से पूर्व सांसद और वर्तमान में विधायक गोमती साय, रायपुर के पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत, सरगुजा से रेणुका सिंह का नाम आ रहा है कि इन पर पार्टी दांव खेल सकती है।

### पार्टी का आदेश ही सर्वोपरि

लोकसभा चुनाव को लेकर हरिभूमि ने जब इन विधायकों से बात की तो किसी ने भी खुलकर यह नहीं कहा कि उनकी इच्छा वास्तव में लोकसभा का चुनाव लड़ने की है। रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा, हम तो पार्टी के कार्यकर्ता हैं, पार्टी का जो आदेश होता है उसका पालन किया जाता है। पार्टी जो कहेगी, वह करेंगे। कोंडागांव की विधायक और पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने कहा, पार्टी अब तक जो भी कहती है, वहीं करते हैं। आगे भी पार्टी का जो आदेश होगा, वह काम करेंगे। रायगढ़ की पूर्व सांसद और विधायक गोमती साय ने कहा, पार्टी ने आदेश दिया तो विधायक का चुनाव लड़ा और जीतने के बाद पार्टी के निर्देश पर सांसद के पद से इस्तीफा भी दिया। अब पार्टी जैसा आदेश करेगी, उसका पालन करेंगे। कुरुद के विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा, पार्टी का आदेश हमेशा से सर्वोपरि है, पार्टी जो कहेगी, वही करेंगे। बिलासपुर के विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने इस मामले में कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी।


## Public Works Department
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)
E-Procurement Tender Notice
E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No. 459 /TC/EinC/PWD/2023-24 Dated 23.01.2024

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of Governor of Chhattisgarh invitespercentage rate bidson electronic tendering system under RCPLWERRP- III in the districtof Rajnandgaon, Bijapur and Kondagaon for construction of 03 Bridges and 01 road with estimated cost amounting Rs 1509.31 Lacs including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under ₹Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 24.01.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 05.02.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002 as per provisions of bid document through Speed/ Registered post, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website ofPublic Works Departmenthttp://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-07337/4


## शालिनी बोली- कांग्रेस का नारी सम्मान की फिक्र करना एक नया पाखंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के बयान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में अपने शासनकाल में कदम-कदम पर महिलाओं के साथ विश्वासघात, छलावा, उपेक्षा, अपमान, बलात्कार और हिंसा की अंधी गली में धकेलने वाली कांग्रेस का अब अचानक नारी सम्मान की फिक्र करना एक नया पाखंड है। छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरा देश कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र को भली-भांति समझ चुका है।



■ पूरा देश कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र को भली-भांति समझ चुका है

श्रीमती राजपूत ने कहा कि अलका लांबा का यह कहना कि लोकसभा और राज्य में होने वाले चुनाव नारी के सम्मान में लड़े जाएंगे, केवल जुमलेबाजी है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी उत्तरप्रदेश का चुनाव लड़की हूं, लड़ सकती हूं, नारे के साथ लड़ी, लेकिन उनका यह जज्बात तब कहां चला जाता है, जब उनकी ही पार्टी की सदस्य अर्चना गौतम को प्रियंका गांधी के पीए संदीप बेइज्जत करते हैं। अलका लांबा में अगर हिम्मत है तो अर्चना गौतम, जो पिछले सालभर से अपने सम्मान की लड़ाई लड़ रही हैं, को पहले न्याय दिलाएं। श्रीमती राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है कि कैसे पिछले 5 वर्ष में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपनी धन पिपासा के लिए महिलाओं की सम्मान की जगह अवैध शराब को अपनी आय का जरिया बनाया। कांग्रेस शासनकाल में रक्षाबंधन के दिन बहन से सामूहिक बलात्कार हो जाता है, शिक्षक दिवस के दिन शिक्षिका से सामूहिक बलात्कार हो जाता है और तब महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष न तो छत्तीसगढ़ का दौरा करती हैं, न ही छत्तीसगढ़ के बारे में कुछ बोलती हैं। और तो और, प्रियंका गांधी तक कुछ नहीं बोलतीं।

आज फिर विपक्ष में होने के कारण कांग्रेस के लोग मौसमी मेंढक के समान टर्राने लगे हैं।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- कांकेर जिले के निम्नांकित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग, सिंगल विलेज एवं सोलर से जल प्रदाय योजना निर्माण कार्य ।

| क्र. | निविदा क्रमांक /सिस्टम टेण्डर क्रमांक | योजना का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 882/152047 | बड़ेतोपाल, इमलीपदर, देहारीतोपाल एवं लामपुरी | अन्तागढ़ | 33.18 |
| 2 | 883/152048 | जैतानवागांव, सुरेली, एवं एटेबालका | अन्तागढ़ | 29.96 |
| 3 | 884/152049 | पुरूषोत्तमनगर | कोयलीबेड़ा | 93.49 |
| 4 | 885/152050 | श्रीनगर | कोयलीबेड़ा | 44.71 |
| 5 | 886/152051 | रूपनगर | कोयलीबेड़ा | 87.96 |
| 6 | 887/152052 | मचान्दुर | चारामा | 99.65 |
| 7 | 888/152054 | भैसमुण्डी गागरू | नरहरपुर | 26.32 |
| 8 | 889/152055 | सुभाषनगर | कोयलीबेड़ा | 48.33 |
| 9 | 890/152066 | देवरी बालाजी | नरहरपुर | 107.58 |
| 10 | 891/152067 | छिन्दपाल | कोयलीबेड़ा | 117.33 |
| 11 | 892/152068 | गोटीटोला | चारामा | 79.96 |
| 12 | 893/152069 | मायापुर | कोयलीबेड़ा | 98.51 |
| 13 | 894/152070 | योगेन्द्रनगर | कोयलीबेड़ा | 72.30 |

निविदा की समान्य शर्तें एवं विस्तृत विवरण तथा अन्य जानकारी वेबसाईट https//eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है। उपरोक्त संपूर्ण निविदाओं की निविदा तिथि 22.01.2024 है तथा उक्त निविदाओं को दिनांक 23.01.2024 से 11.02.2024 तक भरी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर

जी - 07343/1





छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि
मंगलवार
30 जनवरी 2024



# सहेली



महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अकसर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

## प्रोफेशनल फील्ड में ऐसे जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

**बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें :** किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।



### सही ढंग से करें मैनेज

**वर्किंग वूमेन** की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सदुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

**अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल :** आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अकसर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।

**अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक :** कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।



### अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

**जब तक** आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

## घर के बड़े-बड़े काम बना देती है महिलाओं की छोटी-छोटी बचत



घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

**तरीका बहुत अनौपचारिक :** भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

**पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने :** वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।

**सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स :** पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अकसर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो। अगर इन कुछ उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी।



### ऐसे करें बचत

- सबसे पहले अपने खर्चों की एक डायरी बना लें, जिसमें नियमित रूप से सारे खर्च दर्ज करें।
- उन छोटे-छोटे खर्चों पर विशेष नजर रखें, जो पहले से तय नहीं होते, लेकिन करीब-करीब हर महीने होते हैं।
- एक-दो महीने नहीं लेकिन अगर आप कम से कम चार-पांच महीनों तक अपने खर्चों पर नजर रखती हैं तो आसानी से जान लेती हैं कि खर्चों में कौन से गैरजरूरी खर्चे हैं, जिन्हें काटा जा सकता है।
- बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखें, वर्ना आपका बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी।




एडवाइस / अंजू जैन

## जब अनजान लोगों के बीच आप फील करें ऑकवर्ड

अकसर कुछ लोग ऐसे फंक्शंस या पार्टी में जाने से बचते हैं, जहां लोग उनके परिचित नहीं होते। ऐसी जगह पर उन्हें अनजान लोगों के बीच ऑकवर्ड फील होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखें तो यह असहजता आप नहीं महसूस करेंगी।

**कॉन्फिडेंट रहें :** ऐसी जगह जहां कोई पूर्व परिचित ना हो, शुरू-शुरू में आप थोड़ा सा अनकंफरटेबल फील कर सकती हैं। लेकिन कॉन्फिडेंस बनाए रखें। जरा भी घबराएं नहीं।

**माहौल को जानें-समझें :** सबसे पहले अपने आस-पास खड़े लोगों को जानें-समझें, उनमें परस्पर चल रही बातचीत के विषय पर ध्यान दें। अगर तीन-चार लोग झुंड बनाकर खड़े हैं, कोई बात कर रहे हैं तो आप भी उनकी गपशप में शामिल हो जाएं। एक बार बात शुरू होगी तो लोग आपसे जुड़ते चले जाएंगे, आपका समय आराम से बीत जाएगा।

### किसी अकेले को ढूंढ़ लें

अगर आप किसी ऑकेजन में अकेली हैं तो चारों तरफ नजर दौड़ाएं। कहीं ना कहीं कोई आपको आप जैसा ही अकेला नजर आ जाएगा। आगे बढ़कर उसके पास जाएं और किसी भी टॉपिक पर बातचीत शुरू कर दें। पहला वाक्य यह भी हो सकता है, 'आप भी अकेली आई हैं क्या? मैं तो सिर्फ होस्ट को जानती हूं।' इससे आपकी उससे बातचीत शुरू हो जाएगी।



**ड्रेस का सेलेक्शन सही करें :** किसी भी पार्टी या सार्वजनिक समारोह में जाएं तो संवर कर जाएं। ड्रेस के सेलेक्शन से लेकर हेयरस्टाइल, चेहरे के ग्लो, फुटवियर, बेल्ट सब कुछ आकर्षक और ट्रेंड के अनुसार हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आपका लुक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाला होना चाहिए, फर्स्ट इंप्रेशन आपके गेटअप से ही बनता है।

**हेल्प ऑफर करें :** आप सिर्फ होस्ट को जानती हों या अपनी फैमिली को रिप्रेजेंट कर रही हैं तो उनके पास जाएं। नमस्कार करें, बधाई दें और पूछें कि आप उनकी क्या मदद कर सकती हैं? इससे अटेंडेंस तो नोट होगी ही, हो सकता है वे आपको कोई काम देकर बिजी भी कर दें। अगर काम ना भी बताया तो आपकी पर्सनालिटी का अच्छा इंप्रेशन उन पर पड़ेगा।

**पार्टी को एंज्वॉय करें :** किसी कोने में अलग-थलग खड़े रहने या गुमसुम किसी कुर्सी पर बैठ जाने की बजाय गैदरिंग के माहौल को एंज्वॉय करें। खान-पान, म्यूजिक, गॉसिप आदि में इंवॉल्व हों।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

बढ़ती उम्र का असर चेहरे पर दिखना स्वाभाविक है, इसे आप पूरी तरह रोक नहीं सकती हैं। लेकिन अगर आप मेकअप करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें तो एजिंग मार्क्स को काफी हद तक छुपा सकती हैं। एजिंग साइन हाइड करने वाले स्मार्ट मेकअप के बारे में डिटेल में बता रहे हैं, आपको।



# नहीं दिखेंगे एजिंग मार्क्स जब करेंगी स्मार्ट मेकअप

सजेशन / नीलोफर



अधिकतर महिलाएं लंबे समय तक यंग दिखना चाहती हैं। यही वजह है कि मिड एज में पहुंचने पर जैसे ही एजिंग मार्क्स दिखने लगते हैं तो वे परेशान होने लगती हैं। ऐसे में परेशान होने या टेंशन लेने से कोई फायदा नहीं है। बेहतर है कि आप ऐसे उपाय आजमाएं, जिससे एजिंग प्रोसेस को धीमा किया जा सके या फिर एजिंग मार्क्स को छुपाया जा सके। स्मार्ट मेकअप टिप्स को फॉलो करके भी आप एजिंग मार्क्स को हाइड कर सकती हैं। स्मार्ट मेकअप के टिप्स हम आपको यहां बता रहे हैं। सबसे पहली और इंपॉर्टेंट बात यह है कि चेहरे को यंग-अट्रैक्टिव लुक देने के लिए जरूरी है कि मेकअप डार्क के बजाय लाइट और नेचुरल ही करें।

### जरूर लगाएं सनस्क्रीन

मौसम चाहे बरसात का हो या तेज धूप का, जब भी मेकअप के बाद घर से बाहर निकलना हो तो चेहरे पर सनस्क्रीन लगाना ना भूलें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो टिंटेड मॉयश्चराइजर लगाएं। यह चेहरे पर फाउंडेशन के तौर पर काम करेगा। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो चेहरे को गुनगुने पानी से धोकर सुखा लें और इसके बाद सनस्क्रीन अप्लाई करें।

### स्किन टोन से मैचिंग हो कंसीलर

कंसीलर का इस्तेमाल चेहरे के मुंहासों, दाग धब्बों और आंखों के नीचे डार्क सर्कल को छिपाने के लिए किया जाता है। लेकिन यह सही ढंग से काम तभी करता है, जब आपकी स्किन टोन से मैचिंग होता है। इसलिए हमेशा अपने स्किन टोन से मैचिंग कंसीलर ही सेलेक्ट करें। इसे फेस पर लगाने का भी एक प्रॉपर तरीका होता है। इसे हमेशा बीच वाली अंगुली यानी मिडिल फिंगर के पोर में लेकर चेहरे पर लगाएं। इसके अलावा इसे रिंग फिंगर से भी लगाया जा सकता है। एक बार अंगुली से लगाकर फिर स्पंज से स्किन पर फैलाएं। कंसीलर को पूरे चेहरे के बजाय उसी स्पॉट पर लगाएं, जहां इसकी ज्यादा जरूरत हो।

### मैचिंग फाउंडेशन करें अप्लाई

एजिंग मार्क्स छुपाने के साथ ही परफेक्ट मेकअप लुक पाने के लिए कंसीलर के बाद चेहरे पर टिंटेड मॉयश्चराइजर या फाउंडेशन लगाएं। फाउंडेशन लगाने के लिए फोम स्पंज यूज करें। ध्यान रहे, फाउंडेशन भी आपकी स्किन टोन से मैचिंग होना चाहिए। चेहरे पर ग्लो लाने के लिए फाउंडेशन लगाने से पहले मॉयश्चराइजर भी लगाएं। अगर आपकी स्किन टोन डार्क है तो उसे लाइट कलर के फाउंडेशन से ना छिपाएं। यलोइश स्किन पर लाइट ऑरेंज टिंट वाला फाउंडेशन सही रहता है।




### ऐसे करें लिप मेकअप

लिप्स मेकअप से पूरे फेस का लुक बदल जाता है। अपने लिप्स को किस तरह का ट्रीटमेंट देना है, यह आप पर निर्भर करता है। कोई सिर्फ लिप लाइनर लगाता है तो कोई इनपर कलरफुल लिप ग्लॉस लगाता है और कोई लिप बाम। मेकअप एक्सपर्ट्स की मानें तो लिपस्टिक से बेहतर है, कलरफुल लिप ग्लॉस। सिल्की और नॉनस्टिकी लिप ग्लॉस से होंठ सॉफ्ट बने रहते हैं। लिप ग्लॉस में मौजूद विटामिन-ई होंठों पर पपड़ी नहीं बनने देता, जिससे लिप्स खूबसूरत दिखते हैं। पिंक या इससे मिलते-जुलते लिप ग्लॉस के शेड्स लिप्स पर बहुत खिलते हैं।

यहां बताए गए मेकअप स्टेप्स को अगर आप फॉलो करती हैं तो बढ़ती उम्र में भी एजिंग मार्क्स नहीं नजर आएंगे और आप यंग-अट्रैक्टिव दिखेंगी।

### ऐसे करें आइज मेकअप



**स्किन के** बाद आइज मेकअप के लिए आईलाइनर लगाएं। आईलाइनर लगाने के कई तरीके हैं। मेकअप एक्सपर्ट्स आंखों की सुंदरता को तीन भागों में बांटते हैं- बेसिक आई, स्मोकी आई और कैट आई। बेसिक आई के लिए ऊपर और नीचे की पलकों पर आईलाइनर लगाना चाहिए। आंखें छोटी हों या बड़ी, आईलाइनर या पेंसिल से उसे बड़ा या छोटा लुक दिया जा सकता है। आईशेडो भी लगा सकती हैं। इसे लगाने से आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखती हैं। आईशेडो लगाने के बाद उसके नीचे मस्कारा लगाएं।

केयर / मधु सिंह

# पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक

सोना, चांदी हो या हीरा मोती, इनकी ज्वेलरी की चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।



यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान ना दिया जाए तो ये अपनी चमक खो देते हैं। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं बल्कि अपनी भरपूर आभा बिखेरते हुए नए जैसे लगने लगते हैं।

### चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी

चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। चांदी का गहना सोने के गहने के मुकाबले बहुत जल्दी ही अपनी रंगत खो देता है। ऐसे रंगत खोए गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।



- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को आलू उबाले हुए पानी में भिगोकर कुछ देर रखने के बाद इन्हें हल्के ब्रश से साफ कर लें। इस तरीके से भी ये फिर से चमक उठेंगे।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। इसके लिए ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें। चांदी के गहनों में चमक आ जाएगी।
- रीठे के पानी में भिगोकर साफ करने से भी चांदी के जेवरों में चमक आ जाती है।

### नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी

सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ सरल घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।



- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। तीन घंटे के बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें। गोल्ड ज्वेलरी की खोई हुई चमक लौट आएगी। सोने के गहनों की चमक वापस लाने में उबले हुए रीठे का पानी भी कारगर होता है।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें। इनकी खोई हुई चमक लौट आएगी।
- सोने के गहनों की चमक फिर से वापस लाने के लिए थोड़े से पानी में 1 चम्मच हल्दी डालकर इसे उबाल लें। फिर इस पानी में रात भर के लिए सोने के गहनों को डालकर रखें। फिर अगले दिन सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ लें। गहने चमकने लगेंगे।

### डायमंड-पर्ल ज्वेलरी के लिए

सोने, चांदी के अलावा अगर आपके पास हीरे (डायमंड) या मोती (पर्ल) के जेवर हैं तो इन्हें भी आप घर में चमका सकती हैं। इसके लिए गर्म पानी में थोड़ा शैंपू घोलें और उसे एक मुलायम ब्रश से गहने पर अप्लाई करें, लेकिन इसे घोल में डुबोएं नहीं। ना ही सादे पानी में धोएं। केवल पानी में धोने से इसमें दाग पड़ जाते हैं और घोल में डुबोने पर यह अपनी चमक खो सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि जब मोती के गहने चमकाने हों तो उन्हें बेहद सॉफ्ट कपड़े पर रखकर ही ऐसा करें।



स्पेशल: 4 फरवरी, वर्ल्ड कैंसर-डे अवेयरनेस / रजनी अरोड़ा

# सही लाइफस्टाइल-प्रॉपर चेकअप कैंसर से संभव है बचाव



आजकल भारतीय महिलाओं में कैंसर के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंताजनक है। पहले यह बीमारी अधिकतर बड़ी उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन आजकल 50 साल से कम आयु की महिलाएं भी इसकी शिकार हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा महिलाएं कैंसर की चपेट में आती हैं, जिनमें से तकरीबन 3 लाख अपनी जान गंवा देती हैं।

**क्या है वजहें :** अव्यवस्थित और आरामतलब जीवनशैली, अनहेल्दी फूड हैबिट्स, मोटापा, आनुवांशिकता, असुरक्षित यौन संबंध, गर्भनिरोधक गोलियों का अत्यधिक प्रयोग, पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखना, हार्मोन संबंधी असंतुलन, एल्कोहल-स्मोकिंग का बढ़ता चलन, देर से शादी और प्रेगनेंसी, शिशु को स्तनपान ना करवाना और सुंदर दिखने के लिए हार्मोन थेरेपी का उपयोग आदि इसके प्रमुख कारण हैं। इनके अलावा सही समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली स्टेज में डायग्नोज ना हो पाना भी महिलाओं में बढ़ते कैंसर का एक बड़ा कारण है।

**प्रमुख प्रकार और लक्षण :** महिलाओं में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओवेरियन, एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर अधिक देखने को मिलते हैं। इनके लक्षण इस प्रकार हैं-



**सर्वाइकल कैंसर :** पीरियड्स ज्यादा होना, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, सेक्स के बाद ब्लीडिंग, सफेद बदबूदार पानी ज्यादा आना, पेट के निचले हिस्से और वेजाइना में दर्द आदि।

**ब्रेस्ट कैंसर :** ब्रेस्ट या आर्मपिट्स में कोई दर्दरहित गांठ, स्किन में खिंचाव या किसी तरह का बदलाव होना, ब्रेस्ट की स्किन सख्त होना, लालिमा, सूजन होना, निप्पल से सफेद रंग के द्रव का स्राव आदि।

**ओवेरियन कैंसर :** अपच होना, भूख ना लगना, उल्टी महसूस होना, गैस बनना, पेट में पानी भर जाना, पेट फूलना, पेट के निचले हिस्से में सूजन, ऐंठन और दर्द के अलावा सेक्स के दौरान दर्द।

**एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर :** मेनोपॉज होने के बावजूद हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण बड़ी उम्र में अचानक असामान्य रूप से ब्लीडिंग होना, जो शुरू में कम और धीरे-धीरे काफी तेज हो जाती है।

**बचाव के उपाय :** युवतियों को शादी के बाद साल में एक बार डॉक्टर के पास विजिट जरूर करना चाहिए और रूटीन मेडिकल चेकअप करवाना चाहिए। अगर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाए, तो 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। चूंकि, ह्यूमन पेप्पिलोमा वायरस को कैंसर की स्टेज तक आने में 10-15 साल लगते हैं। इस दरम्यान पैपस्मीयर टेस्ट करवाने पर कैंसर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाता है, तो समुचित उपचार से बचा जा सकता है। लिहाजा 21 साल की उम्र के बाद पैपस्मीयर टेस्ट करवाएं। इसके बाद हर 3 साल के अंतराल में और 40 साल की उम्र के बाद 5 साल के अंतराल में यह टेस्ट करवाएं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9-16 साल के बीच लड़कियों को 0-2-4 महीने के अंतराल पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। नहाते समय प्राइवेट पार्ट्स को नियमित रूप से चेक करें कि कुछ असामान्य लक्षण ना हों यानी डिस्चार्ज ना हो रहा हो। इनकी सफाई, सेफ्टी और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराएं। 20-22 साल की उम्र की लड़कियां हर महीने पीरियड्स के 4-5 दिन बाद खुद ब्रेस्ट परीक्षण करें। 38-40 साल की उम्र में एक बार ब्रेस्ट की अल्ट्रासाउंड, 40-45 साल की उम्र के बाद 2 साल में एक बार मेमोग्राम और 55 साल के बाद हर दो साल में ब्रेस्ट-स्क्रीनिंग जरूर कराएं।


एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर का पता लगाने के लिए मेनोपॉज के बाद 5 साल के अंतराल पर पैप स्मीयर टेस्ट जरूर कराएं, जिससे यूट्रस की स्थिति का पता चल सके। अगर बिना किसी वजह के लगातार अपच या पेट दर्द की समस्या एक महीने तक बनी रहे तो ऑन्कोलॉजिस्ट से जरूर कंसल्ट करें। परिवार में ओवरी कैंसर की हिस्ट्री है, तो 18 साल की उम्र से ही साल में एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

**(सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल से बातचीत पर आधारित)**

### इन बातों का भी रखें ध्यान



- देर से शादी करने से बचें। फिगर खराब होने के डर से अपने बच्चे को फीड कराने से परहेज ना करें।
- हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें। न्यूट्रिशस डाइट को अपनाएं। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड के बजाय घर का बना ताजा, संतुलित और पौष्टिक खाना खाएं। फाइबर युक्त भोजन करें। रिफाइंड, फास्ट फूड या जंक फूड अवॉयड करें। मौसमी और ताजी फल-सब्जियां अपने आहार में शामिल करें। नॉनवेज का सेवन सीमित मात्रा में करें।
- ट्रांस फैट वाली चीजों के बजाय सेचुरेटेड फैट लें। दिन में कम से कम 3 लीटर पानी जरूर पिएं।
- स्मोकिंग और एल्कोहल लेना अवॉयड करें।
- सुस्त जीवनशैली से दूर रहें। बॉडी वेट मेंटेन करें। दिन में अपनी क्षमता, पसंद और समय के हिसाब से 30-40 मिनट एक्सरसाइज जरूर करें।



लघुकथा / नीतू सुदीप्ति 'नित्या'

# खर्च

बहू के मायके से उसकी दोनों बहनें, भाई-भाभी, भतीजे और भतीजियां आई थीं। बेटे ने अपने ससुराल के लोगों को खूब घुमाया, शॉपिंग कराई, मॉल में ले जाकर सभी के लिए महंगे-महंगे कपड़े, जूते इत्यादि दिलवाए।

मां चुपचाप बेटा का अपने ससुराल वालों के प्रति प्रेम देख रही थी। एक सुबह उसकी बेटी ने फोन किया, 'मां, मुझे कुछ दिन के लिए मायके बुला लो ना। ढाई साल हो गए मुझे ससुराल में रहते हुए। मेरी सास ताने मारती हैं कि तेरे मायके वाले मुझे पूछते तक नहीं हैं। भैया को भेज दो।' मां ने बेटी को बुलवा लेने का आश्वासन दिया। शाम को बेटा अपने ससुराल के लोगों को पिक्चर दिखा कर जब घर आया तो मां ने कहा, 'बेटा, कंचन ने फोन किया था। कल जाकर उसे विदा करा कर घर ले आ। कितने दिन हो गए उसे देखे हुए।' 'मां, वह आएगी तो बहुत खर्च होगा!' कहकर बेटा बड़े-बड़े थैलों में अपने ससुराल वालों के लाए गिफ्ट को लिए साले-सालियों के साथ अपने कमरे में चला गया।






# भारतीय डेविस कप टीम के लिए इस्लामाबाद में 'राष्ट्र प्रमुख' जैसी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

डेविस कप मुकाबले के लिए लगभग 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस देश की यात्रा करने वाले राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों को सुरक्षित महसूस कराने के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। पाकिस्तान टेनिस महासंघ सुरक्षा पहलू पर कोई समझौता नहीं करना चाहता है। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे। खिलाड़ियों के लिए यह स्थिति हालांकि थोड़ी कठिन हो सकती है। पीटीएफ अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ द्वारा अनुमोदित सुरक्षा योजना का पालन कर रहा है।

## सुरक्षा की चार से पांच परतें

पीटीएफ के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा, 'भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है, इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। मैं इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक के रूप में, यात्रा के दौरान उनके साथ हूं।' भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

## बम निरोधक दस्ता हर सुबह करेगी जांच

रहमान ने कहा, 'यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहती हैं। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करती हैं, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी।'



## सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

*इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड, इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रहीं हैं।*

## पाकिस्तान के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी

भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा को लेकर काफी हद तक निश्चित है, लेकिन यह स्पष्ट है कि खिलाड़ी सतर्क रहेंगे।भारत के एक खिलाड़ी ने कहा, 'हम यहां पहली बार हैं। हां, कुछ चीजें हैं जो आपके दिमाग में चलती हैं। हमने पाकिस्तान के बारे में सिर्फ बातें सुनी हैं, इसलिए एक छवि बन गई है। पाकिस्तान में कैसे हालात हैं, इसके बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हमें दो दिन का समय दीजिए।'

## 500 प्रशंसकों को मिली अनुमति

पाकिस्तान ने अपनी ताकत के अनुरुप खेलने के लिए ग्रास कोर्ट को चुना लेकिन मेजबान टीम घरेलू परिस्थितियों का पूर्ण रूप से फायदा नहीं उठा पाएगी क्योंकि अधिकतम 500 प्रशंसकों को ही मैच देखने की अनुमति होगी। पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी ऐसाम-उल-हक कुरैशी ने कहा, यह कठिन है। आईटीएफ ने हमें सुरक्षा कारणों से बहुत अधिक मेहमानों या दर्शकों की मेजबानी करने की अनुमति नहीं देता है। यह कुछ ऐसा है जिसे हमें मानना होगा।



## मेजबानी सममान की बात


रहमान ने कहा, 'भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं।'पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिये। उन्होंने कहा, 'अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं, तो रेस्तरां में जाएं। मैं उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहूंगा। उन्होंने अचूक सुरक्षा मांगी है और इसलिए ऐसी व्यवस्था की है। यह अब भारतीय खिलाड़ियों पर निर्भर है।'

### क्रिकेट : भारत 2 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगा दूसरा टेस्ट मुकाबला

# टीम इंडिया को बड़ा झटका, जडेजा और राहुल बाहर, सरफराज की एंट्री

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को दो बड़े झटके लगे हैं। रवींद्र जडेजा और केएल राहुल चोटिल होकर दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी दी है। दूसरे टेस्ट की शुरुआत दो फरवरी से हो रही है। जडेजा को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है, जबकि राहुल को क्वाड्रिसेप्स चोट की शिकायत है। बोर्ड ने बताया कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की निगरानी कर रही है। इसी के साथ चयन समिति ने इन दोनों के रिप्लेसमेंट के तौर पर तीन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। बल्लेबाज सरफराज खान, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। जडेजा और राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम इंडिया के संकटमोचक के तौर पर उभरे थे। पहली पारी में राहुल ने 86 रन, जबकि जडेजा ने 87 रन बनाए थे। हालांकि, इन पारियों के बावजूद टीम इंडिया पहला टेस्ट हार गई थी।




**भारतीय टेस्ट टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

## सरफराज को नौ साल बाद मिली जगह

*सरफराज पिछले कुछ सीजन में घरेलू क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट के लिए टीम चुनते वक्त उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। सरफराज ने दिसंबर 2014 में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेला था। उन्होंने 45 फर्स्ट क्लास मैचों में 69.85 की औसत से 3912 रन बनाए हैं। उन्होंने 14 शतक और 11 अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें नाबाद 301 उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। पिछले काफी समय से उनकी टीम में एंट्री की मांग की जा रही थी और अब यह मौका आ गया है।*

## सुंदर के चार टेस्ट में छह विकेट

वहीं, सुंदर भारत के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैं। इसमें उन्होंने छह विकेट लिए हैं। 89 रन देकर तीन विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा सुंदर ने 66.25 की औसत से 265 रन भी बनाए हैं। इनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 96 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। सुंदर 26 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 55 विकेट लिए। 87 रन देकर छह विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। वहीं, उन्होंने 31.91 की औसत से 1085 रन भी बनाए हैं। 159 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है।



## स्पिनर सौरभ आलराउंडर खिलाड़ी

30 साल के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार पहले भी भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन अब तक अंतरराष्ट्रीय डेब्यू नहीं कर सके हैं। वह 68 फर्स्ट क्लास मैचों में 290 विकेट ले चुके हैं। 64 रन देकर आठ विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा वह 27.11 की औसत से 2061 रन भी बना चुके हैं। 133 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दो शतक और 12 अर्धशतक लगा चुके हैं।



### मनिंदर सिंह ने दागे चार गोल

# हॉकी-5 विश्व कप : भारत ने जमैका को 13-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶ मस्कट

मनिंदर सिंह के चार गोल की मदद से भारत ने जमैका को तीसरे और आखिरी पूल मैच में 13-0 से हराकर एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मनिंदर ने दूसरे मिनट में दो गोल करने के बाद 28वें और 29वें मिनट में गोल दागे। ये चारों फील्ड गोल थे। इसके अलावा मनजीत (पांचवां और 24वां), राहील मोहम्मद (16वां और 27वां) और मनदीप मोर (23वां और 27वां) ने दो दो गोल किए जबकि उत्तम सिंह (पांचवां), पवन राजभर (नौवां) और गुरजोत सिंह (14वां) ने एक एक गोल किया। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक हॉकी दिखाई और मनिंदर सिंह ने लगातार दो गोल दाग दिए। इसके बाद उत्तम और मनजीत के एक एक गोल से पहले छह मिनट में स्कोर 4-0 हो गया। अच्छी बढ़त बनाने के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने हमले बोलना बंद नहीं किया। पवन ओर गुरजोत ने गोल करके हाफटाइम तक स्कोर 6-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी यही कहानी रही और गेंद पर नियंत्रण के मामले में भारत काफी आगे रहा। राहील, मनदीप, मनजीत और मनिंदर ने गोल करके भारत को बड़ी जीत दिलाई।



## भारत डब्लूटीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसका

दुबई। इंग्लैंड के हाथों हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया है। दक्षिण अफ्रीका से दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला ड्रॉ खेलने के बाद भारत शीर्ष पर था लेकिन पाकिस्तान को हराकर आस्ट्रेलिया शिखर पर पहुंच गया।

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु0 स्वा0 केंद्र चपले वि0 ख0 (खरसिया) जिला - रायगढ़ (छ0ग0)**
Email ID- - bpmukharsiya@gmail.com

कमांक / क्रय / 2024 / 142 — चपले, दिनांक 19/01/2024

**खुली निविदा सूचना**

वर्ष 2024-25 के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चपले के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों / प्रशिक्षण / मरीजों हेतु भोजन, चाय-नास्ता / वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु रजिस्टर्ड फर्म / स्व-सहायता समूह से पृथक-पृथक कार्य निविदा आमंत्रित किया जाता है । कार्यालयीन समय में विस्तृत नियमावली एवं निविदा प्रपत्र दिनांक 24.01.2024 से 15.02.2024 तक प्राप्त कर सकते है । दिनांक 16.02.2024 तक कार्यालयीन समय में निविदा जमा कर सकेंगें। निविदा फार्म शुल्क - 1000 / रुपये एवं निविदा खुलने की तिथि 19.02.2024 निर्धारित है।

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी,**
**सामु0 स्वा0 केन्द्र चपले वि0 ख0 (खरसिया)**
**जिला - रायगढ़ (छ0ग0)**

**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/02/2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बिलासपुर, बस स्टँड बिलासपुर, 117040730042097, मंगला चौक बिलासपुर, 122000730030706, सरगुजा, ब्रह्मा रोड अंबिकापुर, 131900700011842, 1852, 131900730015590,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

**IndianOil**
इंडियनऑयल IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388

विपणन प्रभाग — मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय

**सर्वो स्टॉकिस्ट की नियुक्ति के लिए नोटिस**

| एनआईटी नंबर /नियुक्ति का नाम | आवेदन की अवधि |
|---|---|
| एनआईटी नंबर MPSO/Lubes/2023-24/3 निम्नलिखित स्थानों पर सर्वो स्टॉकिस्ट रीसेलर्स की नियुक्तिः | आवेदन दस्तावेज प्रकाशित और डाउनलोड की शुरुआत **30.01.2024**, 10:00 बजे से होगी। भौतिक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तारीखः **20.02.2024**, 16:00 बजे तक |

| क्र. सं. | स्थान | राजस्व जिला | राज्य | ऑपरेशन की टेरिटरी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर II | डिंडौरी, मंडला और जबलपुर का कुछ हिस्सा | मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश का जिला डिंडौरी, जिला मंडला और जबलपुर जिले के अंतर्गत कुंडम, मझोली, पनागर, पाटन, शाहपुरा और सिहोरा तहसील |
| 2 | रायपुर II | बलौदा बाजार-भाटापारा, महासमुंद, रायपुर का कुछ हिस्सा और सारंगढ़-बिलाईगढ़ का कुछ हिस्सा | छत्तीसगढ़ | छत्तीसगढ़ का जिला बलौदा बाजार-भाटापारा, जिला महासमुंद, रायपुर जिले के अंतर्गत तिल्दा तहसील और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अंतर्गत बिलाईगढ़ तहसील |

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित संपर्क नंबरों पर हमारे स्थानीय बिक्री अधिकारियों से संपर्क करें:

| स्थान | कार्यकारी का नाम | संपर्क नंबर | ईमेल |
|---|---|---|---|
| जबलपुर II | श्री पारितोष कोतवाल | 9425606029 | kotwalp@indianoil.in |
| रायपुर II | श्री अभिषेक बैनर्जी | 9437038823 | abanerjee@indianoil.in |

इच्छुक उम्मीदवार को संबंधित राज्य का अधिवासी होना चाहिए या संबंधित राज्य का निवासी होना चाहिए या संबंधित राज्य में उसका व्यवसाय स्थापित होना चाहिए, जिसके लिए सर्वो स्टॉकिस्ट का विज्ञापन किया जा रहा है।

इच्छुक उम्मीदवार **https://spandan.indianoil.co.in/BPSP/HomePage.jsp** से आवेदन पत्र और दिशानिर्देश डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरा हुआ आवेदन पत्र, समापन तिथि और समय या उससे पहले एनआईटी में उल्लिखित पते पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो इसी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक

**मिथुन** — मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


# भारत की सुपर सिक्स में न्यूजीलैंड से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ ब्लोमफोंटेन

लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत गत चैंपियन भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो नजरें जीत की लय कायम रखने पर लगी होंगी। ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर सुपर सिक्स में पहुंची भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि इसी मैदान पर अगला मैच खेलना है जहां उसने तीनों मैच जीते हैं।



## शब्द पहेली - 5409



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5408 का हल



## सूडोकु नवताल - 5419

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 5418 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

**सोमवार को पूरे दिन चलती रही मामले की जांच**

# डॉग स्क्वायड की मदद से आरोपी के घर से बरामद हुआ करंट बिछाने का दो बंडल तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हरिभूमि फॉलोअप

युवा हथिनी को करंट लगाकर मारने के बाद उसके अंगों को काटकर अलग-अलग गड्ढों में दफनाने के मामले में विभाग को एक बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को पुलिस की डॉग स्क्वायड की मदद से एक आरोपी के घर से करंट बिछाने के लिए उपयोग किए गए दो बंडल तार को जब्त किया है।

आरोपियों से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया है कि आरोपियों ने धूरिया जंगल स्थित चीतल बाड़े के पास जंगली सुअर एवं चीतल के शिकार के लिए 2 फीट की ऊंचाई पर जीआई तार का फंदा बिछाकर करंट लगाया था। फंदे में कोई वन्य जीव नहीं फंसा, करंट की चपेट में आने से युवा हथिनी की मौत हो गई। वन अधिकारियों ने वन्य जीवों के शिकार के लिए करंट का फंदा लगाने की बात स्वीकार की है लेकिन आरोपी शिकार के लिए फंदा लगाने की अवधि अलग-अलग बताकर भ्रम पैदा कर रहे हैं। हथिनी के अंगों के पीएम में उसके आगे के दोनों पैर एवं सुंड का निचला हिस्सा करंट से झुलसने की पुष्टि हुई है। पीएम के दौरान हथिनी के किसी भी अंग में खून की मौजूदगी नहीं मिली है। चिकित्सक करंट की चपेट में आने से हथिनी का खून सूख जाने की बात कह रहे हैं। रविवार को काफी मशक्कत के बावजूद वन अधिकारी शिकार के लिए करंट का फंदा बिछाने के लिए उपयोग किए गए तार को जब्त नहीं कर पाए थे। सोमवार को सुबह डॉग स्क्वायड की मदद ली गई। घटनास्थल पर घूमने के बाद पुलिस का डॉग भागते हुए सीधे आरोपी के घर पहुंचा इस दौरान आरोपी के परिजन घर में कोई भी सामग्री होने से इंकार करते रहे। पुलिस व वन अधिकारियों द्वारा सख्ती करने पर परिजन ने विभाग को दो बंडल तार सौंपा जिसमें एक बंडल जीआई तार एवं एक बंडल इंसुलेट तार शामिल है। वन अधिकारी पूरी रात रेस्ट हाउस में आरोपियों से पूछताछ करते रहे। वनकर्मी दोपहर तक जंगल में फरार तीसरे आरोपी की खोजबीन करते रहे। उसके नहीं मिलने पर कोर्ट में तीन आरोपियों को प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### चल रही पूछताछ

मामले में फरार आरोपी सहित अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए पूछताछ व जांच चल रही है। तीन आरोपियों को कोर्ट द्वारा जेल भेजा गया है।

-आशुतोष भगत
उपवन मंडलाधिकारी



गड्ढे से हाथी के अंगों को निकालते आरोपी।

### सक्रिय रहे वाइल्ड लाइफ के कर्मचारी

जंगल की सुरक्षा एवं वन्य जीवों की नियमित मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी रगुलर के अधिकारी-कर्मचारी निभाते हैं। रविवार एवं सोमवार को चली जांच एवं कार्रवाई में रेगुलर के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी निष्क्रियता पूर्वक भीड़ का हिस्सा बने रहे। एक-दो-अधिकारी-कर्मचारी ही पूरी मुस्तैंदी से भूखे-प्यासे अभियान में सक्रिय रहे। इसके विपरीत मामले की जांच व कार्रवाई में वाइल्ड लाइफ के महावत से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक पूरी संजीदगी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे। वाइल्ड लाइफ के कर्मचारियों की सक्रियता के कारण ही कम समय में मामले की जांच व कार्रवाई पूरी हो सकी।

### बिसरे की जांच होगी देहरादून लैब में

सोमवार को एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर के चिकित्सक डॉ.अजीत पाण्डेय ने मृत हथिनी के अंगों के नमूनों को संरक्षित किया। जांच के लिए मृत हथिनी के अंगों का विसरा फारेंसिक जांच के लिए देहरादून लैब में भेजने की तैयारी की जा रही है। फारेंसिक जांच में स्पष्ट होगा कि हथिनी की हत्या कितने दिन पूर्व की गई थी तथा अंग एक ही हथिनी के हैं या एक से अधिक के जांच में अन्य तथ्यों का भी खुलासा होगा।

### वनकर्मियों की बड़ी लापरवाही

सोमवार को पूरे दिन चली जांच में वनकर्मियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है धूरिया बीट में पदस्थ फारेस्ट एवं डिप्टी रेंजर स्थानीय होने के कारण कभी भी मुख्यालय में नहीं रहते एवं अपने घर से आना-जाना करते हैं। जंगल का दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण वनकर्मी कभी जंगल का भ्रमण नहीं करते एवं हाथियों की मानिटरिंग के नाम पर भी खानापूर्ति करते हैं। इस बड़ी अमानवीय घटना की वनकर्मियों की कानोकान खबर नहीं होना बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। इस तरह की घटना से विभाग के वरिष्ठ अधिकारी हैरान हैं। मामले में घुई रेंज के कुछ वनकर्मियों पर दो-तीन दिन के भीतर कड़ी कार्रवाई होना तय माना जा रहा हैं।

### एक दंतैल भी लापता

मृत हथिनी के साथ लम्बे समय से भ्रमण कर रहा दंतैल भी लंबे समय से लापता है। बताया जा रहा है कि तीन महीने पूर्व तक तमोर पिंगला अभ्यारण्य में 60 से अधिक अलग-अलग दलों में लम्बे समय तक मौजूद थे। इस दौरान हाथियों का एक जोड़ा भी एक साथ मौजूद था जिसमें आरोपियों द्वारा करंट लगाकर मौत के घाट उतारने वाली युवा हथिनी शामिल थी। हथिनी की करंट से मौत होने के बाद उसका साथी दंतैल लापता है। वन विभाग विभिन्न माध्यमों से सरगुजा संभाग में सक्रिय हाथियों की सूचना नियमित जारी करता है। लंबे समय से दंतैल के लोकेशन की जानकारी नहीं मिली है। जानकार दंतैल के साथ भी कुछ अपशगुन होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मृत हथिनी के साथी दंतैल के लापता होने की जानकारी वन अधिकारियों को भी नहीं है।

### 15 आरोपियों के शामिल होने की आशंका

वन अधिकारी एवं चिकित्सक हथिनी की हत्या करने एवं उसके अंगों को काटकर अलग-अलग गड्ढों में दफनाने के मामले में 15 से अधिक आरोपियों के शामिल होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। आरोपियों ने शाम ढलने के बाद सुबह तक हथिनी के अंगों को काटने एवं दफनाने की बात कही है। चिकित्सकों ने गड्ढे.में पड़े हथिनी का पैर आरोपियों से बाहर निकालने के लिए कहा तो काफी कोशिशों के बावजूद वे नहीं निकाल सके। आरोपियों ने सभी गड्ढे.500 मीटर दूरी पर अलग-अलग हिस्सों में खोदा है जो चार ग्रामीणों से संभव नहीं है। अधिकारी मामले में शामिल अन्य आरोपियों को तलाश रहे हैं।

## पटाखा फोड़कर हाथियों को खदेड़ने पहुंचे युवक को दंतैल ने पटका, मौत



सहायता राशि देते वन अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

गन्ने के खेत में मौजूद हाथियों को पटाखा फोड़कर भगाने गए युवक को हाथियों ने पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वन अधिकारियों ने पीएम उपरांत मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता प्रदान की है।

33 हाथियों का बड़ा दल पिछले 20 दिनों से प्रतापपुर जंगल में भ्रमण कर रहा है तथा पिछले 3-4 दिनों से बैकोना जंगल में मौजूद है। हाथियों का दल शाम 6 बजते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जाता है तथा गन्ने की फसल खाकर अपनी भूख मिटाता है। दल में हाथियों की संख्या अधिक होने के कारण हाथी अलग-अलग दलों में बंटकर फसल को तबाह करते हैं एक रात में 8-10 एकड़ गन्ना की फसल को चट करने के साथ ही फसल को रौंद देते हैं। वन अमला नियमित हाथियों की मॉनिटरिंग करने के साथ ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने के लिए जागरूक करता है। एक साथ 33 हाथियों को खदेड़ना संभव नहीं होने एवं हाथियों के अलग-अलग खेतों में सक्रिय रहने के कारण ग्रामीण भी लाचार बन कर अपनी फसल को तबाह होते देखते रहते हैं। बीती रात हाथियों का दल जंगल के दो किमी दूर ग्राम बैकोना पहुंचा एवं पूरी रात गन्ने की फसल को तबाह करता रहा है।

## सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, 12 कर्मचारी अनुपस्थित

**रायपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे ने जोन कमिश्नर सुशील कुमार चौधरी के साथ मिलकर किया। इस दौरान 45 सफाई कर्मचारियों के स्थान पर 33 सफाई कर्मचारी स्थल पर उपस्थित रहे, जबकि 12 सफाई कामगार अनुपस्थित मिले। जोन कमिश्नर ने इस पर संज्ञान लेते हुए ठेकेदार महेश सोनी पर 10 हजार रुपए अर्थदंड लगाया है। नगर निगम जोन 5 स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड की सफाई कार्य के औचक निरीक्षण में 12 सफाई कर्मचारी काम से नदारद मिले। 45 सफाई कर्मचारियों के स्थान पर 33 सफाई कर्मचारी उपस्थित रहने पर वार्ड पार्षद की मौजूदगी में जोन 5 कमिश्नर ने अनुबंधित सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी कर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है और सफाई कार्य में कोताही के लिए फटकार भी लगाई।

## ब्रेकअप कराने से नाराज युवक ने जैकेट की रस्सी से गला घोंटकर की छात्र की हत्या

**अम्बिकापुर।** मणिपुर थाना क्षेत्र में छात्र का शव मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस घटना में पुलिस ने मृतक के ही एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी ने मृतक की हत्या सिर्फ इस लिए कर दी क्यों कि उसने प्रेमिका से ब्रेकअप करा दिया था। आरोपी ने मृतक छात्र को शराब पिलाने के बाद जैकेट में लगी रस्सी से गला घोंटकर हत्या की और उसके बाद शव को घसीटकर खेत किनारे फेंक दिया था। इतना ही नहीं आरोपी ब्रेकअप कराने वाले दो अन्य साथियों को भी खोज रहा था। समय रहते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि रविवार की सुबह मणिपुर थाना अंतर्गत बंजारी मोहल्ले में खेत किनारे एक नाबालिग का शव बरामद किया गया था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच उपरान्त मृतक की पहचान बंजारी निवासी 16 वर्षीय आशीष लकड़ा आ. करमा लकड़ा के रूप में की गई थी जो कक्षा आठवीं का छात्र था और एक सप्ताह से लापता था। छात्र स्कूल से लौटने के बाद वापस घर नहीं पहुंचा था। पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक की मदद से जांच शुरू कर दी गई थी।

### शराब पिलाने के बाद दिया घटना को अंजाम

आज मामले का खुलासा करते हुए सीएसपी स्मृतिक राजनाला ने बताया कि आरोपी वीरेंद्र कुमार नागवंशी ने ब्रेकअप कराने और प्रेमिका से मेलजोल रखने को लेकर मृतक से नाराज चल रहा था।
















### लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के पदाधिकारियों को 5-5 बूथ की जिम्मेदारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने जोर शोर से तैयारी शुरू कर दी है। पीसीसी ने हमारा बूथ करेंगे मजबूत अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के तहत प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारियों, निगम-आयोग बोर्ड के पदाधिकारियों, जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल और एनएसयूआई सहित कांग्रेस पदाधिकारियों को 5-5 बूथों की जिम्मेदारी दिया जाना है। पीसीसी ने कहा, तीन दिन के भीतर अपने-अपने प्रभार बूथों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करें। बताया गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में बूथ कमेटी में पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाए। बूथ कमेटी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाए। वहीं राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बूथ कमेटी में चर्चा करें।

### 29 अप्रैल तक चलेगी पटना सिकंदराबाद समर स्पेशल

**रायपुर।** यात्री सुविधा को बढ़ाने अब रेलवे ने स्पेशल ट्रेन 03253 पटना-सिकंदराबाद एक्सप्रेस का 07256 सिकंदराबाद-पटना के साथ 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन के परिचालन का 29 अप्रैल तक विस्तार किया है । यह ट्रेन पटना से प्रत्येक सोमवार व बुधवार को ट्रेन नंबर 03253 पटना-सिकंदराबाद समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में दिनांक 29 अप्रैल, 2024 तक विस्तार किया गया।




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com